TNF® TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition

प्रधानमंत्री सूयज़्घर योजना में आगरा पांचवें नंबर पर... (पेज-3)

पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-32 | मूल्य ₹7 | शुक्रवार | दिनांक- 31.07.2026

## खतरे के निशान तक पहुंचा गंगा नदी का जल स्तर



- बैराजों से हो रहे पानी के डिस्चार्ज से उफनने लगी पतित पावनी
- तटवर्तीय ग्रामों के ग्रामीणों और सिंचाई विभाग की बढ़ी चिंता

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

अब गंगा की रौद्रता बढ़ती ही जा रही है, बैराजों से किए जा रही पानी के डिस्चार्ज ने गंगा के जल स्तर में अप्रत्याशित वृद्धि कर दी। गुरुवार को कछला गंगा नदी का जल स्तर खतरे के निशान तक जा पहुंचा है। जो तट वर्तीय ग्रामों के किसानों और ग्रामीणों के लिए खतरे की घंटी है। सिंचाई विभाग की चिंता बढ़ गई है। बाढ़ चौकियों ने अपनी सक्रियता भी बढ़ा दी है। जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग गंगा के जल स्तर पर नजर बनाए हुए है। किसी भी विषम परिस्थित से निपटने की पहले से ही तैयारियां विभाग के चुका है।

गंगा नदी के घटता बढ़ता जल स्तर आखिर खतरे के निशान तक जा ही पहुंचा इसकी आशंका पहले से ही साथ रही थी क्योंकि बैराजों से पानी का डिस्चार्ज निरन्तर बढ़ रहा था। जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग के अधिकारी हालातों को देखते हुए पहले से गंभीर थे । बुधवार को आशंका यकीन में बदल गई वार्निंग लेवल को पार कर गंगा का जल स्तर खतरे के निशान तक जा पहुंचा है। बुधवार को गंगा नदी में पानी का गेज 162.27रिकार्ड किया गया। जबकि खतरे का निशान 162.8मीटर है। इन हालतों में बाढ़ की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। जिला अधिकारी प्रणय सिंह से सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित लेखपालों को निर्देश जारी किए हैं।

### तट वर्तीय ग्रामों के लिए खतरे की घंटी

गंगा के जल स्तर बढ़ जाने और खतरे की निशान को छू जाने से गंगा के किनारे बसे ग्रामों के ग्रामीणों और किसानों के लिए खतरे की घंटी बज चुकी है। ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

### बैराजों से पानी का डिस्चार्ज

हरिद्वार बैराजः 133080क्यूसेक
बिजनौर बैराजः 175530क्यूसेक
नरौरा बैराजः 178020क्यूसेक

बैराजों से पानी का डिस्चार्ज एक साथ अधिक होने से कछला गंगा नदी के जल स्तर में वृद्धि हुई है। सिंचाई विभाग पूरी तरह चौकन्ना है सभी बाढ़ चौकियों सक्रिय है हर विषम परिस्थिति से निपटने के लिए पहले से तैयारी है।

-शरद सौरभ गिरी
अधिशाषी अभियंता सिंचाई विभाग

## एमपी, गुजरात, यूपी-बिहार समेत 16 राज्यों में भारी बारिश

**नई दिल्ली।** देशभर में तेज बारिश का दौर जारी है। मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश और बिहार समेत 16 राज्यों में भारी बारिश हो रही है। मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, विदर्भ और तेलंगाना में रेड अलर्ट है। रेड अलर्ट का मतलब है 24 घंटे में 204 एमएम से ज्यादा बारिश। उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड के पास लैंडस्लाइड होने से केदारनाथ यात्रा लगातार तीसरे दिन बंद है। इसके बाद कई घरों में मलबा घुस गया, गाड़ियां बह गईं। पहाड़ी-मैदानी इलाकों में लगातार हो रही बारिश से हरिद्वार में गंगा खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। गंगाजल भरने गए कांवड़िये को रऊ्नक्रटीम ने बहने से बचा लिया। असम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है और तीन लाख से ज्यादा लोग अभी भी जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं।

## बिजलीघर से आईएसबीटी तक दौड़ेगी मैट्रो

### अगस्त में ही ट्रेन को दौड़ाने की चल रही तैयारी



टीएनएफ टुडे, आगरा।

मेट्रो के पहले कारिडोर में 15 अगस्त से पूर्व बिजलीघर चौराहा से आइएसबीटी स्टेशन तक मेट्रो का संचालन शुरू हो सकता है। छह किमी लंबे ट्रैक में चार भूमिगत और एक एलीवेटेड स्टेशन शामिल है। प्रधानमंत्री कार्यालय से अनुमति पांच से आठ दिनों में मिल जाएगी। जिसे देखते हुए उप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूपीएमआरसी) की टीम ने तैयारी शुरू कर दी है।

अप और डाउन लाइन में मेट्रो का तेजी से परीक्षण किया जा रहा है। शहर में मेट्रो का पहला कारिडोर 14 किमी लंबा है। इसमें 13 स्टेशन हैं। डेढ़ साल पूर्व छह स्टेशनों में मेट्रो का संचालन शुरू हुआ था। अब पांच और स्टेशनों में मेट्रो चलने जा रही है। इसमें एसएन मेडिकल कालेज, आगरा कालेज, राजा की मंडी, आरबीएस कालेज भूमिगत स्टेशन और आईएसबीटी एलीवेटेड स्टेशन है। आईएसबीटी से सिकंदरा तिराहा तक दो स्टेशन और हैं। दोनों एलीवेटेड स्टेशनों पर कार्य चल रहा है। यह कार्य नवंबर तक पूरा होगा।


यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण ढाई सप्ताह से मेट्रो के तीन पिलरों का कार्य बंद है। 200 करोड़ रुपये से पुल का निर्माण हो रहा है। नदी पर आठ पिलर बन रहे हैं। जलस्तर कम होने के बाद कार्य शुरू होगा। वहीं, पोइया घाट पर नमामि गंगे परियोजना में इंटकवेल बन रहा है। एक पिलर का कार्य बंद है।

## पीएम के खिलाफ जंतर-मंतर पर अश्लील टिप्पणी मामले में बड़ी कार्रवाई, युवती पर एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के खिलाफ जंतर-मंतर पर अभद्र टिप्पणी मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। प्रदर्शन में शामिल एक युवती के खिलाफ नोएडा के एक्सप्रेसवे थाना में जीरो एफआईआर दर्ज की गई। 23 जुलाई 2026 को दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन के दौरान युवती ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अश्लील टिप्पणी की थी। इस मामले में युवती की पहचान होने के बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि युवती के इस कृत्य से प्रधानमंत्री के संवैधानिक पद की गरिमा को ठेस पहुंची है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 352, 353(1) और 356(1) के तहत इस युवती पर मुकदमा दर्ज किया है। दिल्ली सरकार ने प्रदर्शन में शामिल लोगों के खिलाफ किसी भी प्रकार की प्रतिकूल कानूनी कार्रवाई नहीं करने का निर्णय लिया है। हालांकि, यह राहत उन व्यक्तियों पर लागू नहीं होगी जिनका आपराधिक रिकॉर्ड (क्रिमिनल एंटीसिडेंट) है। इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के निदेशों का पालन किया जाएगा। यदि प्रदर्शन के दौरान किसी प्रदर्शनकारी को गिरफ्तार किया गया है या हिरासत में लिया गया है, तो उनके मामलों की समीक्षा की जाएगी और उन्हें शीघ्र रिहा करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## वृंदावन में परिक्रमा मार्ग का कायाकल्प कराएगा एमवीडीए

रमणरेती से निधिवन तक ई-रिक्शा और परिक्रमार्थियों के अलग-अलग रास्ते



- अटल्ला चुंगी चौराहे पर 80 करोड़ से बनेगा 800 मीटर लंबा फ्लाईओवर
- परिक्रमा मार्ग केवल सड़क नहीं, करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का पथ हैः लक्ष्मी नागप्पन



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

ठाकुर श्री बाँकेबिहारी जी की नगरी वृंदावन में पावन परिक्रमा मार्ग को अब नई सूरत में विकसित किया जाएगा। देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र इस परिक्रमा मार्ग को वाहन, ई रिक्शा और परिक्रमार्थियों के लिए अलग-अलग सुगम और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाए जाने की तैयारी है। मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने इस अवस्थापना विकास योजना को स्वीकृति दी है।

मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागप्पन ने बताया कि वृंदावन परिक्रमा मार्ग केवल एक सड़क नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का पथ है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु श्री बाँकेबिहारी जी के दर्शन के साथ इस पावन लीलाभूमि की परिक्रमा करने भी आते हैं। वर्तमान में वाहनों, ई-रिक्शा और पैदल यात्रियों के एक साथ चलने से कई स्थानों पर जाम और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। नई योजना का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना है।

उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागप्पन ने बताया कि प्रथम चरण में रमणरेती से निधिवन तक लगभग 3.30 किलोमीटर लंबे परिक्रमा मार्ग के सुदृढ़ीकरण पर लगभग 20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे ई-रिक्शा, वाहन और परिक्रमार्थियों के लिए अलग अलग रास्ते होंगे। फुटपाथ, सुविधा जोन भी विकसित किए जाएंगे। आरसीसी कवर ड्रेन, बिजली, संचार और अन्य यूटिलिटी सेवाओं को भूमिगत किया जाएगा।

एमवीडीए की उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागप्पन ने बताया कि योजना के दूसरे भाग में अटल्ला चुंगी चौराहे पर लगभग 800 मीटर लंबे फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा, जिस पर लगभग 80 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह चौराहा वृंदावन परिक्रमा मार्ग का प्रमुख चौराहा है, जहां अधिकांश समय यातायात का दबाव बना रहता है। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर बनने से वाहनों का आवागमन निर्बाध होगा और परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को बिना किसी व्यवधान के अपनी परिक्रमा पूरी करने में सुविधा मिलेगी।

### मथुरा में जन्मस्थान के लिए दो परियोजनाएं

एमवीडीए ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में अवस्थापना परियोजनाओं के अंतर्गत मथुरा में भी दो परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। इसमें मछली फाटक से श्रीकृष्ण जन्मभूमि (गेट संख्या-03) तक लगभग 3.50 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड का निर्माण करीब 350 करोड़ रुपये की लागत से किया जाना है। इसके अलावा मसानी कट स्थित कल्याण करोति हॉस्पिटल से रामलीला मैदान होते हुए महाविद्या कॉलोनी स्थित सीएम ग्रिड लिंक रोड तक लगभग 1050 मीटर लंबे लिंक मार्ग, पार्किंग, बाउंड्री वॉल और जनसुविधाओं का विकास किया जाएगा। इस पर करीब 70 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

# गोमूत्र विवाद: प्रियंका गांधी की टिप्पणी पर शिक्षा जगत नाराज

एजेंसी, नई दिल्ली।

लोकसभा में आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी की कथित 'गोमूत्र एक्सपर्ट' टिप्पणी को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मामले में 215 से अधिक कुलपतियों, पूर्व कुलपतियों और शिक्षाविदों ने संयुक्त रूप से एक खुला पत्र जारी कर टिप्पणी की निंदा की है। पत्र में कहा गया है कि किसी विद्वान के विचारों पर बहस करने के बजाय उसे किसी विशेष उपनाम या टिप्पणी से संबोधित करना वैज्ञानिक सोच और स्वस्थ सार्वजनिक संवाद को कमजोर करता है। पत्र पर 30 जुलाई की तारीख दर्ज है।

पत्र में कहा गया है कि भारत की संसद हमेशा ऐसे मंच के रूप में देखी जाती रही है, जहां विचारों पर गंभीरता से चर्चा हो, मतभेद गरिमा के साथ व्यक्त किए जाएं और किसी व्यक्ति का मूल्यांकन उसके तर्कों के आधार पर किया जाए, न कि व्यंग्य या कटाक्ष के आधार पर। हस्ताक्षरकताओं ने लिखा कि प्रियंका गांधी की ओर से प्रोफेसर वी. कामकोटि के लिए कथित तौर पर 'गोमूत्र एक्सपर्ट' शब्द का इस्तेमाल किया गया। चाहे यह राजनीतिक टिप्पणी रही हो या व्यंग्य, लेकिन इससे केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे शैक्षणिक और वैज्ञानिक समुदाय को लेकर गलत संदेश जाता है।



### प्रोफेसर कामकोटि की उपलब्धियों का पत्र में कैसे जिक्र किया गया?

खुले पत्र में प्रोफेसर वी. कामकोटि की शैक्षणिक और वैज्ञानिक उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि वह आईआईटी मद्रास जैसे देश के प्रमुख वैज्ञानिक और तकनीकी संस्थान के निदेशक हैं। उन्होंने आईआईटी मद्रास से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में एमएस और पीएचडी की है। उनके नाम 150 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हैं और वह 50 से ज्यादा अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं से जुड़े रहे हैं। उन्हें डीआरडीओ एकेडमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड और इंडियन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन टेक्नो विजनरी अवॉर्ड सहित कई सम्मान मिल चुके हैं। पत्र में यह भी कहा गया कि भारत के पहले इंडस्ट्री ग्रेड माइक्रोप्रोसेसर के विकास में उन्होंने मार्गदर्शक की भूमिका निभाई।

### वैज्ञानिक सोच और संविधान को लेकर क्या कहा गया?

- पत्र में कहा गया कि हर शिक्षाविद को अपने शोध, परिकल्पना और पारंपरिक ज्ञान पर चर्चा करने का अधिकार है।
- किसी विद्वान के तर्कों पर चर्चा करने के बजाय उसे किसी विशेष पहचान से जोड़कर खारिज करना संविधान में नागरिकों से अपेक्षित वैज्ञानिक सोच की भावना के विपरीत है।
- इसमें कहा गया कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अर्थ केवल असामान्य विचारों पर संदेह करना नहीं, बल्कि किसी भी दावे को स्वीकार या अस्वीकार करने से पहले उसका निष्पक्ष मूल्यांकन करना भी है।
- पत्र में यह भी कहा गया कि इतिहास में कई ऐसे विचार रहे हैं, जिन्हें पहले असंभव माना गया, लेकिन बाद में वैज्ञानिक आधार मिला। वहीं कई स्थापित मान्यताएं समय के साथ गलत साबित हुईं।

### शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को लेकर क्या चिंता जताई गई?

हस्ताक्षरकर्ताओं ने कहा कि ऐसी टिप्पणियां देश के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और शोधकताओं के लिए भी चिंता का विषय हैं। उनका कहना है कि शिक्षकों और वैज्ञानिकों को बिना किसी अपमानजनक टिप्पणी के सार्वजनिक बहस में हिस्सा लेने का भरोसा मिलना चाहिए। यदि किसी के तर्कों से असहमति है तो उसके प्रमाणों और तथ्यों को चुनौती दी जानी चाहिए, लेकिन उसके शैक्षणिक योगदान को कमतर नहीं आंका जाना चाहिए। पत्र में कहा गया कि लोकतंत्र में मतभेद जरूरी हैं, लेकिन उपहास किसी भी तर्कपूर्ण चर्चा का विकल्प नहीं हो सकता।

### भविष्य की संसदीय बहसों को लेकर क्या अपील की गई?

पत्र के अंत में कहा गया कि संसद और सार्वजनिक मंचों पर होने वाली बहसें गरिमा, तर्क और तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। जब जटिल वैज्ञानिक विषय राजनीतिक उपहास का माध्यम बन जाते हैं तो समाज गंभीर और तथ्य आधारित चर्चा का अवसर खो देता है। हस्ताक्षरकताओं ने उम्मीद जताई कि भविष्य में संसद में होने वाली बहसें इन्हीं मूल्यों को ध्यान में रखकर होंगी, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र इससे कम की अपेक्षा नहीं करता।

## भगवा जर्सी पर बवालः 'आज हॉकी, कल सेना की वर्दी भी हो सकती है'

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम की जर्सी का रंग बदलकर भगवा करने पर विपक्ष ने सरकार की आलोचना की। विपक्षी नेताओं ने गुरुवार को चिंता व्यक्त की कि भारतीय सेना की वर्दी का रंग भी बदला जा सकता है।इसके साथ ही उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर हर जगह भगवा रंग थोपने की कोशिश करने का आरोप लगाया। संसद परिसर में विपक्षी नेताओं की ये टिप्पणियां भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों द्वारा अपनी पारंपरिक नीली किट के बजाय भगवा जर्सी अपनाने के जवाब में आईं। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि भले ही सरकार आरएसएस से प्रभावित शिक्षा नीति के माध्यम से वर्दी और यहां तक कि इतिहास में भी बदलाव कर सकती है, लेकिन इन मामलों पर युवाओं के विचारों को समझना आवश्यक है।

## ताजमहल के सामने हिंदू महासभा का जलाभिषेक

- श्रावण मास के पहले दिन कैंट स्टेशन पर रखा गया मॉडल
- कार्यकर्ताओं ने शंख बजाया और आरती भी की पुलिस से नोकझोंक

टीएनएफ टुडे, आगरा।



श्रावण मास के शुभारंभ पर गुरुवार को आगरा कैंट रेलवे स्टेशन परिसर में उस समय माहौल गर्मा गया, जब अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने ताजमहल के मॉडल के सामने शंखनाद, आरती और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस और संगठन के पदाधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। हालांकि पुलिस की सतर्कता के चलते स्थिति शांतिपूर्वक नियंत्रित रही। हिंदू महासभा के कार्यकर्ता श्रावण मास के स्वागत के अवसर पर आगरा कैंट स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने स्टेशन परिसर में स्थापित ताजमहल के मॉडल के समक्ष शंखनाद किया, आरती उतारी तथा बेलपत्र अर्पित कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

कार्यक्रम में हिंदू महासभा की महिला महानगर अध्यक्ष निशा ठाकुर, मंडल अध्यक्ष नितेश भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की सूचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पुलिस और संगठन के पदाधिकारियों के बीच तीखी बहस हुई। हिंदू महासभा के नेताओं ने कहा कि उन्हें अपनी आस्था के अनुसार पूजा-अर्चना करने का संवैधानिक अधिकार है। किसी भी प्रकार से इसे रोका नहीं जाना चाहिए। इस दौरान संगठन ने एक बार फिर ताजमहल को ह्लतेजोमहालयह्व बताते हुए अपना पुराना दावा दोहराया। पदाधिकारियों ने कहा कि श्रावण मास के दौरान आगे भी इसी प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस बल मौके पर तैनात रहा और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई।

## राहुल की बढ़ीं मुश्किलें, अनुराग ने विशेषाधिकार हनन और अवमानना का दिया नोटिस

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का नोटिस लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा है। अनुराग ठाकुर का आरोप है कि राहुल गांधी ने लोकसभा में एंटी-पेपर लीक विधेयक पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ असंसदीय, अपमानजनक और बिना प्रमाण के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने इसे संसदीय परंपराओं और सदन की गरिमा के खिलाफ बताया है। अनुराग ठाकुर ने तीन पन्नों के नोटिस में लोकसभा अध्यक्ष से इस मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समिति इस पूरे मामले की विस्तृत जांच करे और उचित कार्रवाई की सिफारिश करे। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की है कि राहुल गांधी को सदन और गृह मंत्री अमित शाह से बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया जाए।

## दामाद ने छुए पैर, सास बोली- मैं जिंदा हू...

### अंतिम दर्शन के दौरान सास ने पकड़ लिया दामाद का हाथ

टीएनएफ टुडे, आगरा।

गुरुवार को एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने न केवल एक परिवार, बल्कि पूरे इलाके को हैरान कर दिया। जिस 65 वर्षीय महिला को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसके अंतिम संस्कार की तैयारियां पूरी हो गई। लेकिन तभी अंतिम दर्शन को पहुंचे दामाद ने पैर छुए तो महिला ने तुरंत उठकर हाथ पकड़ लिया। कहा- मैं जिंदा हूं..., मरी नहीं हूं...। महिला के करीब 17 घंटे बाद अचानक जीवित हो जाने से हर कोई हैरान रह गया। घर में मातम का माहौल कुछ ही सेकंड में हैरानी और उम्मीद में बदल गया। रो रहे परिजन खुशी और अविश्वास के बीच उन्हें तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र की श्रीनगर कॉलोनी निवासी शीला देवी (65) लंबे समय से लीवर संबंधी बीमारी से पीड़ित थीं। करीब 20 दिन पहले वह अपने बेटे संजीव माहौर, जो बदायूं के एक निजी अस्पताल में कार्यरत हैं। उनके पास इलाज के लिए गई थीं। हालत बिगड़ने पर उन्हें सोमवार को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार को तबीयत और ज्यादा खराब होने पर डॉक्टरों ने उन्हें वेंटिलेटर पर रखा। बुधवार तड़के करीब तीन बजे अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद बेटा एंबुलेंस से शाम करीब सात बजे मां का शव लेकर आगरा स्थित घर पहुंचा। शव को घर के एक कमरे में जमीन पर रखा गया। परिवार के लोग अंतिम संस्कार की तैयारियों में जुट गए। रिश्तेदार और पड़ोसी अंतिम दर्शन के लिए लगातार पहुंच रहे थे। घर में हर ओर मातम पसरा था। कोई शीला देवी को अंतिम बार देख रहा था तो कोई परिवार को सांत्वना दे रहा था। रात करीब आठ बजे शीला देवी के दामाद अपनी सास को अंतिम प्रणाम करने पहुंचे। जैसे ही उन्होंने उनके पैर छुए, अचानक शरीर में हलचल महसूस हुई। पहले तो किसी को विश्वास नहीं हुआ, लेकिन अगले ही पल शीला देवी ने दामाद का हाथ कसकर पकड़ लिया। धीमी आवाज में बोलीं- "मुझे कहां लेकर जा रहे हो? तुम सब रो क्यों रहे हो? मैं जिंदा हूं।₹ यह सुनते ही कमरे में मौजूद सभी लोग स्तब्ध रह गए। किसी को अपनी आंखों पर भरोसा नहीं हुआ। परिजन तुरंत शीला देवी को एक निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर उनकी हालत पर लगातार नजर रखे हुए हैं। उनका इलाज जारी है। महिला के मृत घोषित होने के बाद फिर जीवित होने की घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे मामलों में वास्तविक कारण जानने के लिए विस्तृत चिकित्सकीय जांच और अस्पताल के रिकॉर्ड की समीक्षा आवश्यक होती है।"

# मॉडल तालाब बनाने की पहल तेज

## फतेहाबाद की पांच ग्राम पंचायतें की गईं चयनित

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और तालाबों के पुनर्जीवन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार की ओर मेरा तालाब, मेरी जिम्मेदारी' अभियान के अंतर्गत ब्लॉक फतेहाबाद की पांच ग्राम पंचायतों के तालाबों का मॉडल तालाब के रूप में विकास किया जाएगा। चयनित तालाबों पर कार्य शुरू कर दिया गया है। इन तालाबों को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल विकसित कर ग्रामीणों को बेहतर जलस्त्रोत उपलब्ध कराया जाएगा।

ब्लॉक फतेहाबाद में वर्ष 2025-26 के लिए ग्राम पंचायत निबोहरा स्थित तालाब का चयन किया गया है। जहां कार्य प्रारंभ हो चुका हैं। वहीं वर्ष 2026-27 के लिए ग्राम पंचायत पलिया कृपाल, मोहम्मदपुर, बरना, पलिया तथा रूपपुर के तालाबों को इस योजना में शामिल किया गया है। इन सभी तालाबों को मॉडल तालाब के रूप में विकसित किया जाएगा।

सहायक विकास अधिकारी पंचायत फतेहाबाद नरेंद्र बघेल ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों को केवल जल संग्रहण का माध्यम ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन का केंद्र बनाया जा रहा है। अभियान के तहत तालाबों को ग्रे वॉटर और प्लास्टिक कचरे से मुक्त किया जाएगा, जिससे उनमें स्वच्छ जल का संरक्षण हो सके। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत तालाबों में ग्रे वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम, फिल्टर चैंबर और सिल्ट कैप्चर जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। ताकि गंदा पानी सीधे तालाब में न पहुंचे और जल की गुणवत्ता बनी रहे। इसके अलावा तालाबों के चारों ओर पौधारोपण, फेंसिंग और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कर उनके संरक्षण को सुनिश्चित किया जाएगा।

### कथावाचक पंडित रामगणेश समाधिया का निधन



**पिनाहट।** कुकथरी गांव निवासी प्रसिद्ध कथावाचक एवं गायक पंडित राम गणेश समाधिया का कैंसर की बीमारी के चलते निधन हो गया। वे लगभग 60 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र के ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई।
जानकारी के अनुसार पंडित राम गनेश समाधियां पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे। उनका उपचार जयपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। बुधवार को उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। पंडित राम गनेश समाधियां क्षेत्र में भागवत कथा, रामकथा और भजन गायन के लिए जाने जाते थे। उनकी मधुर वाणी और कथा शैली के कारण दूर-दूर तक उनके अनुयायी थे। निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके आवास पर पहुंचे और शोक व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि उनके जाने से क्षेत्र ने एक कुशल कथावाचक और गायक खो दिया।

# कैंजराघाट पर मोटरबोट की मांग

## एक पखवाड़े पहले मध्य प्रदेश पुलिस ने बंद कराया था संचालन

- पिनाहट घाट पर संचालन के साथ मांग हुई तेज

टीएनएफ टुडे, बाह।



सावन के पहले सोमवार को भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक करने के लिए सोरों से मध्य प्रदेश के कांवड़िए निकलने लगे हैं। बुधवार को चंबल के बीहड़ को चीरते हुए कांवड़िए कैंजराघाट पर पहुंचे। घाट पर मोटरबोट का संचालन बंद होने की बजह से उदी के रास्ते 90 किमी अधिक चलकर गंतव्य की ओर जाने को कांवड़िए मजबूर हुए। कैंजराघाट पर एक पखवाड़े पहले मध्य प्रदेश के नगरा की पुलिस ने मोटरबोट का संचालन बंद करा दिया था। अनुमति के बाद ही मोटरबोट चलाए जाने की चेतावनी दी थी। पीडब्ल्यूडी ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा मध्य प्रदेश के 100 से ज्यादा गांवों के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए दोनों राज्यों के ग्रामीणों को 50 से 90 किमी तक अधिक चलना पड़ रहा है। जिससे समय और धन की बबार्दी हो रही है। पिनाहट घाट पर मोटरबोट का संचालन शुरू होने के बाद भारतीय किसान यूनियन (सर्वोदय) के जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह चौहान अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ बाह के एसडीएम विनोद कुमार से मिले। जनहित में पिनाहट की तर्ज पर चंबल नदी के कैंजराघाट पर मोटरबोट का संचालन शुरू कराए जाने की मांग की। संचालन शुरू न होने की स्थिति में ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी। प्रतिनिधि मंडल में सोनू शर्मा, रूप सिंह आदि शामिल रहे।

# नीले ड्रम में छिपकर बैठा अजगर

## छात्र के जूते ढूंढते समय देख महिला के उड़े होश

- वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर बीहड़ में छोड़ा

टीएनएफ टुडे, बाह।



बिजली घर मार्ग जरार स्थित चेतराम के घर के कमरे में नीले ड्रम में छिपे बैठे अजगर को देख कर गृहस्वामिनी रामरती के होश उड़ गये। कमरे में पढ़ने वाले बच्चे के जूते ढूंढते समय नीले ड्रम में अजगर को देख कर उनकी चीख निकल गई थी। अजगर के रेस्क्यू किए जाने तक बस्ती में अफरा तफरी का माहौल रहा।

बाह के जरार में बिजलीघर मार्ग पर चेतराम का घर है। उनके बेटे ऊदल सिंह ने बताया कि घर के एक कमरे में बच्चे पढ़ते हैं। पढ़ने वाले बच्चे का जूता न मिलने पर मां रामरती देवी ने कमरे में रखे आधे कटे नीले ड्रम में तलाशने को निगाह डाली थी। उसमें 7-8 फीट का अजगर छिपा बैठा था। नीले ड्रम में अजगर की मौजूदगी पर बस्ती के लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिवारों में अजगर की दहशत के चलते अफरा तफरी मच गई। अजगर के होने की जानकारी पर बाह के रेंजर अमित कुमार वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अजगर को रेस्क्यू किया। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू किए गये अजगर को यमुना के बीहड़ के प्राकृतिक रहवास में सुरक्षित छोड़ दिया गया है।

# विधवा ने लौटाया साढ़े चार सौ ग्राम सोने का हार

## पेश की ईमानदारी की मिसाल, ग्रामीणों ने किया सम्मानित

टीएनएफ टुडे, पिनाहट।



आज के दौर में जहां खोई हुई कीमती वस्तु वापस मिलने की उम्मीद कम ही रहती है। पिढ़ौरा थाना क्षेत्र की एक विधवा महिला ने ईमानदारी की ऐसी मिसाल पेश की, जिसकी पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।

थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव रैपुरा भदौरिया निवासी दलवीर सिंह भदौरिया के पुत्र अभय सिंह की पत्नी हिमांशी भदौरिया (30) परिवार के साथ दिल्ली के नजफगढ़ में रहती हैं। परिजनों के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 11 बजे वह परिवार के साथ कार से गांव में पूजा-अर्चना के लिए आ रही थीं। रास्ते में स्याहीपुरा चौराहे पर राज मेडिकल स्टोर के सामने वाहन रोकने के दौरान कार से उतरते समय उनके गले से करीब साढ़े चार सौ ग्राम वजनी सोने का हार कहीं गिर गया। काफी तलाश के बाद भी हार का कोई पता नहीं चला। परिवार वापस दिल्ली लौट गया।

इसी दौरान पिढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव राटौटी निवासी विधवा पगवती देवी कुशवाहा पत्नी स्वर्गीय रामशंकर अपने बच्चों को सुमित्रा देवी इंटर कॉलेज से लेकर पैदल घर लौट रही थीं। रास्ते में उन्हें सड़क किनारे सोने का हार पड़ा मिला। बाद में रैपुरा भदौरिया निवासी रामू भदौरिया के माध्यम से हिमांशी के पिता रामनिवास सिंह को इसकी जानकारी मिली।

गुरुवार को पगवती देवी ने ईमानदारी का परिचय देते हुए हिमांशी को उनका खोया हुआ हार सकुशल वापस सौंप दिया। हार मिलने पर हिमांशी के पिता रामनिवास सिंह, ससुर बलवीर सिंह, पति अभय सिंह सहित अपर बल सिंह भदौरिया, राजेश सिंह (फौजी), पप्पन सिंह भदौरिया, श्याम सिंह, शिवम परिहार, श्याम सुंदर सिकरबार, सुरेश सिंह, मनोज, पवन भदौरिया समेत अन्य ग्रामीणों ने महिला का सम्मान किया। रामनिवास सिंह ने कहा कि पगवती देवी ने खोया हुआ कीमती हार लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। उन्होंने पूरे गांव का नाम रोशन किया है।



### चकमार्ग पर बने पक्के मकान पर चला बुल्डोजर

**बाह।** बासौनी के उमरैठा गांव में हाईकोर्ट के आदेश पर बृहस्पतिवार को बुल्डोजर चलवाकर पुलिस प्रशासन ने चकमार्ग पर बने पक्के मकान को ध्वस्त किया गया है। एसडीएम बाह विनोद कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर अमरनाथ के घर पर कुछ दिन पहले नोटिस चस्पा कर चकमार्ग से अवैध निर्माण हटाने की चेतावनी दी थी। बृहस्पतिवार को एसडीएम बाह विनोद कुमार, तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ, नायब तहसीलदार दयाचंद पौरुष, सुधीर गिरी पुलिस, पीएसी एवं राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो मौके पर अवैध निर्माण मिला, चेतावनी के बाद भी नहीं हटाया गया था। हालांकि अमरनाथ पक्ष ने खुद ही निर्माण हटाए जाने की बात कही। लेकिन हाईकोर्ट के आदेश पर अमल के लिए प्रशासन ने मौके पर बुल्डोजर मंगाया और अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। चकमार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराकर किसानों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है। ध्वस्तीकरण के दौरान गांव में भारी भीड़ जमा रही। इस दौरान राजस्व निरीक्षक डॉ. दिनेश कुमार, हीरा सिंह, दिनेश अग्रवाल, लेखपाल यशवेन्द्र, जितेन्द्र, अजीतत सिंह, कार्तिकेय, गजेन्द्र राणा एवं भारी तादाद में पुलिस और पीएसी मौजूद रही।

### पांच माह से बंद विधवा पेंशन, प्रीतो देवी 40 रुपये खर्च कर ब्लॉक के लगा रहीं चक्कर

**खेरागढ़।** सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक समय पर पहुंचाने के दावों के बीच एक बुजुर्ग विधवा पांच माह से अपनी पेंशन के लिए ब्लॉक कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर है। ग्राम निवासी प्रीतो देवी (65) पत्नी स्व. लौटन सिंह ने बताया कि उनके पति का करीब 20 वर्ष पहले निधन हो गया था। वह विधवा पेंशन की लाभार्थी हैं। लेकिन पिछले पांच माह से उनके खाते में पेंशन नहीं आई है। प्रीतो देवी का कहना है कि वह हर बार करीब 40 रुपये किराया खर्च कर ब्लॉक कार्यालय पहुंचती हैं, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ यह कहकर लौटा दिया जाता है कि ₹इस बार पेंशन आ जाएगी।₹ उनका आरोप है कि कई बार चक्कर लगाने के बावजूद किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने उनकी समस्या का समाधान नहीं कराया।

परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। उनका एक बेटा मजदूरी कर किसी तरह घर चलाता है। जबकि बहू से घरेलू विवाद के कारण उन्हें मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में पेंशन ही उनके लिए सहारा है, जो पिछले पांच माह से बंद है। बुजुर्ग महिला ने प्रशासन से जल्द से जल्द पेंशन चालू कराने और मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों से जवाबदेही तय करने की मांग की है। वहीं, ब्लॉक कार्यालय से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### चाकू के बल पर विवाहिता आभूषण लूटे, घटना को पुलिस मान रही है संदिग्ध

**फतेहाबाद।** थाना निबोहरा के रामगढ़ में बीती रात चाकू के बल पर विवाहिता को बंधक बनाकर लाखों के आभूषण लूट लिए गए। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात 2 बजे के करीब थाना निबोहरा के गांव रामगढ़ में विजय सिंह पुत्र नवल सिंह के घर पर एक व्यक्ति घुस आया। उनकी पुत्रवधू लक्ष्मी बाथरूम के लिए गई तो उस व्यक्ति ने चाकू के बल पर लक्ष्मी को बंधक बना लिया। उसके गले में पड़ी अलमारी की चाबी को ले लिया। फोन से अपने साथी को बुलाकर अलमारी में रखे मंगलसूत्र, कॉलर, हथफूल, माला व चार सोने की अंगूठी, तीन जोड़ी पायल, माथे का टीका तथा तीन मदार्नी अंगूठी ले गए। चोरों के जाने के बाद महिला ने शोर मचाया तो परिजन दौड़कर आए लेकिन तब तक चोर काफी दूर तक जा चुके थे। परिवारीजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस रात्रि में ही गांव में पहुंची और परिजनों को अपने साथ थाने ले गई। जहां घंटों पूछताछ के बाद पुलिस ने घटना को संदिग्ध माना है। वहीं परिजन एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक निबोहरा बृजेश कुमार गौतम ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। घर

# सुख-शांति और मोक्ष के लिए विधान

## लघु सिद्धचक्र विधान के दौरान गूंजे वेदमंत्र

टीएनएफ टुडे, बाह।



पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर बाह में बृहस्पतिवार को लघु सिद्धचक्र विधान में कर्मो के नाश, सुख-शांति एवं मोक्ष प्राप्ति की प्रार्थना की गई। अभिषेक, पूजन और शांतिधारा के बाद विधानाचार्य घिरोर (मैनपुरी) के ऋषभ जैन शास्त्री ने बताया कि धन-संपत्ति तो आती-जाती रहती है, संस्कार ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं।
जो मनुष्य भक्ति और पूजन के माध्यम से अपने अहंकार और विकारों का त्याग करता है, तो वह 'सिद्ध' बनने की ओर कदम बढ़ाता है। विधान के दौरान केवल थाली में अर्घ्य चढ़ाना काफी नहीं है, हमें अपने भीतर दया, प्रेम, निस्वार्थ सेवा और अहिंसा के संस्कारों को भी संजोना होगा। उन्होंने भजन ₹अपने-अपने कर्मों से यह, सब दुनियां संचालित होती। जैसी करनी वैसी भरनी, जो बोया वही फसल होती₹ के जरिए विधान में शामिल श्रद्धालुओं को बताया कि जीवन के सुख-दुख हमारे अपने कर्मों का फल हैं। विधान और स्वाध्याय के जरिए पापकर्मों की निर्जरा होती है और मन में पवित्रता आती है। वेदमंत्रों के बीच विश्व शांति की प्रार्थना की गई। विधान में नवीन जैन, रजनी जैन को सौधर्म इंद्र, राजेश जैन, रीता जैन को धन कुबेर, अनुभव जैन, निहारिका जैन, अमित जैन, रचना जैन को यज्ञ नायक, मनोज जैन, सारिका जैन, मनीष जैन, साधना जैन, नितिन जैन, सोनाली जैन, शिवम जैन, अंजली जैन, मुकेश जैन, दीपा जैन को इंद्र और इंद्रायनी की भूमिका निभाने का सौभाग्य मिला।

### जन्मदिन पार्टी में चॉकलेट बदलने पर घमासान, सामान उधार देने को लेकर भी हुआ विवाद

**खेरागढ़।** थाना क्षेत्र के गांव कुसियापुर में बुधवार रात जन्मदिन की दावत के दौरान चॉकलेट बदलने और उधार सामान देने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। जिसमें महिलाओं समेत करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों का सीएचसी खेरागढ़ में चिकित्सीय परीक्षण कराया। एक पक्ष के धन सिंह ने आरोप लगाया कि उनका पुत्र बृजमोहन दुकान पर बैठा था। उधार सामान देने से मना करने पर मोहित अपने परिजनों के साथ आ गया और मारपीट कर दी। इस पक्ष से धन सिंह, बृजमोहन, सपना पत्नी बृजमोहन, राजेश, विष्णु और कमल घायल हुए। वहीं दूसरे पक्ष के मोहित ने आरोप लगाया कि जन्मदिन की दावत से पहले चॉकलेट बदलने की बात पर बृजमोहन पक्ष ने उसके साथ मारपीट कर दी। शोर सुनकर पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट हुई। इस पक्ष से मोहित, रिंकू, रजनी पत्नी रिंकू, लखन और प्रीति पत्नी जोगेंद्र घायल हुए।दोनों पक्ष देर रात थाना खेरागढ़ पहुंचे। थाना प्रभारी हरीश शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### तालाब के दलदल में फंसे तीन गोवंश, ग्रामीणों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद निकाला

**फतेहाबाद।** बड़ी बसई गांव में बने तालाब में गुरुवार को तीन आवारा गोवंश दलदल में फंस गईं। गोवंश के तालाब में फंसने की जानकारी पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रामप्रकाश, माधव समेत ग्रामीणों ने करीब दो घंटे तक कड़ी मशक्कत कर तीनों गोवंश को सुरक्षित दलदल से बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब की सफाई कराने के लिए कई बार ग्राम प्रधान को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक तालाब की सफाई नहीं कराई गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब में गंदगी और दलदल के चलते आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों ने तालाब की जल्द सफाई कराने की मांग की है।

# एफआईआर कराई तो जान से मार देंगे

- गाली का विरोध करने पर चचेरे भाइयों समेत तीन को पीटा
- पुलिस ने कराया मेडीकल, 4 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

टीएनएफ टुडे, बाह।

गाली गलौज के विरोध पर दौड़ लगाने वाले चचेरे भाइयों को पीटे जाने पर पहुंचे युवक पर तमंचा तान कर हमलावरों ने धमकी दी कि एफआईआर कराई तो दोनों किशोरों को जान से मार देंगे। धमकी से दहशत में आए परिवार ने पुलिस की शरण ली है। पुलिस ने घायलों का मेडीकल कराने के बाद 4 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

बड़ागांव (हाल निवासी ग्रीन सिटी कॉलोनी बाह) के विजयपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि बेटा आयुष और भतीजा प्रिंस मंगलवार शाम 6 बजे पुराने भट्ठे के सामने प्लॉटिंग की सड़क पर दौड़ लगाने गये थे। तभी चार युवक मौके पर लाठी, डंडा, तमंचा लेकर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह हमलावरों के चंगुल से छूटे दोनों किशोरों ने फोन कॉल पर उनको घटना की जानकारी दी।

जब मौके पर पहुंचा तो उनके साथ भी डंडे से मारपीट की, तमंचा अड़ा कर धमकी दी कि यदि एफआईआर कराई तो उसके जाने के बाद दोनों किशोरों को जान से मार देंगे। उन्होंने पुलिस को हमलावरों के नाम बड़ागांव के गिर्राज के बेटे अजय, शिवम, जीतू एवं दीपू बताए। पुलिस ने घायलों का मेडीकल कराया था। विजयपाल सिंह की तहरीर पर 4 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच एवं आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# लायंस क्लब एमजेएफ कोहिनूर ने स्कूल में सेवा कार्य कर बच्चों को बांटी मुस्कान, कक्षा को फर्नीचर, स्टेशनरी व फूड पैकेट किए भेंट

टीएनएफ टुडे, आगरा।



लायंस क्लब एमजेएफ कोहिनूर की ओर से मासिक सेवा कार्य के अंतर्गत मोतीलाल नेहरू रोड स्थित मुफीद-ए-आम मोंटेसरी स्कूल में सामाजिक सरोकारों से जुड़ा प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के एक कक्षा कक्ष के लिए आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री एवं फूड पैकेट वितरित किए गए। क्लब के इस सेवा प्रकल्प से बच्चों के चेहरों पर खुशी की मुस्कान दिखाई दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लायंस क्लब इंटरनेशनल के पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक जितेंद्र चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि लायंस क्लब एमजेएफ कोहिनूर विश्व में एकमात्र क्लब है जिसकी प्रत्येक महिला सदस्य को मेल्विन जोन्स फेलोशिप (एमजेएफ) प्राप्त है। यह उपलब्धि क्लब की सेवा भावना, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यों का परिचायक है। उन्होंने कहा कि क्लब निरंतर समाजहित के कार्यों के माध्यम से सेवा का संदेश दे रहा है और अन्य संस्थाओं के लिए प्रेरणा बन रहा है। इस क्लब की स्थापना राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ बबिता चौहान ने की थी ।

उन्होंने मुफीद-ए-आम मोंटेसरी स्कूल के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विद्यालय अपने आप में ऐतिहासिक महत्व रखता है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर देश की अनेक प्रतिष्ठित एवं नामचीन हस्तियां विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुकी हैं। ऐसे विद्यालय में सेवा कार्य करना अत्यंत सौभाग्य की बात है।क्लब की अध्यक्ष उषा अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब एमजेएफ कोहिनूर का उद्देश्य केवल सहायता उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा का भाव पहुंचाना है। क्लब प्रत्येक माह शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण एवं जरूरतमंदों की सहायता से जुड़े सेवा प्रकल्पों का आयोजन करता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और क्लब भविष्य में भी ऐसे कार्य निरंतर करता रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने प्रेरणादायक कविताओं का पाठ भी किया, जिसकी उपस्थित अतिथियों ने सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर क्लब की सचिव सुषमा जैन, कोषाध्यक्ष नेहा अग्रवाल, सह सचिव रुचि अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष सीमा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, यशोधरा जैन आदि उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार वाहन ने गोवंश को रौंदा, टीम शिवाय ने घायल का किया इलाज

**बाह।** जैतपुर-इटावा, बाह-कचौराघाट, बाह-जैतपुर, नंदगवा-जैतपुर, नंदगवा-खेडा राठौर मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से रोजाना छुट्टा मवेशी घायल हो रहे हैं। टीम शिवाय वेलफेयर सोसाइटी घायल मवेशी के उपचार का अभियान चला रही है। सोसाइटी के सचिव शिवा राजावत ने बताया कि अब तक 100 से ज्यादा मवेशी को उपचार से जीवन दान मिला है। दुर्घटना में मरने वाले मवेशी का सोसाइटी अंतिम संस्कार कराती है। उन्होंने बताया कि बुधवार रात नंदगवा में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से गोवंश घायल हो गया। रात 11 बजे टीम मौके पर पहुंची और घायल गोवंश का उपचार किया। उसके लिए दाने पानी का इंतजाम किया। उन्होंने बताया कि गोवंश के स्वस्थ होने तक टीम देखभाल करेगी। इस दौरान माधव, रितिक, बोबी, अमन, ओमकार, शिवम, लवकुश, अशोक, संजय, नाथूराम, सुधीर आदि रहे।

### जनकपुरी महोत्सव 2026 में दिखेगी अयोध्या धाम की दिव्यता, मुख्य मार्ग पर बनेंगे भव्य गलियारे

**आगरा।** जनकपुरी महोत्सव 2026 को ऐतिहासिक, भव्य एवं दिव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए आयोजन समिति ने तैयारियों को तेज कर दिया है। इस बार महोत्सव में श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम जैसी आध्यात्मिक अनुभूति कराने की दिशा में विशेष योजना पर कार्य किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार 'राजू' यादव ने बताया कि कावेरी कौस्तुभ अपार्टमेंट के निकट लगभग 16000 वर्गमीटर क्षेत्र में बनने वाले भव्य जनक महल के मुख्य मंच तक जाने वाले मार्ग को अयोध्या धाम के वर्तमान स्वरूप की तर्ज पर विकसित करने पर गंभीर मंथन चल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित योजना के अनुसार मुख्य मार्ग पर दोनों ओर आकर्षक गलियारे विकसित किए जाएंगे तथा अयोध्या की तरह मूर्तिकला एवं धार्मिक शिल्पकला स्थापित करने का भी विचार है, ताकि जनकपुरी पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वैभव की दिव्य अनुभूति हो और आयोजन की भव्यता नई ऊंचाइयों तक पहुंचे।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना में आगरा पांचवें नंबर पर

## 2,500 निरीक्षण लंबित होने पर सीडीओ ने जताई नाराजगी

टीएनएफ टुडे, आगरा।




प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति, लंबित निरीक्षण, सोलर रूफटॉप स्थापना और बैंक स्तर पर लंबित आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई।

परियोजना अधिकारी नेडा ने बताया कि जनपद में जुलाई माह के दौरान 3,164 सोलर पावर प्लांट स्थापित किए गए हैं। सोलर रूफटॉप स्थापना के मामले में आगरा प्रदेश में पांचवें स्थान पर है। जबकि पिछले दो महीनों के प्रदर्शन के आधार पर जनपद चौथे स्थान पर पहुंच गया है। बैठक में बताया गया कि जनपद में कुल स्थापित सोलर प्लांटों के सापेक्ष 22,336 प्लांटों का डिस्कॉम द्वारा निरीक्षण किया जा चुका है, लेकिन अभी भी लगभग 2,500 निरीक्षण लंबित हैं। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी जताते हुए टोरंट पावर और डीवीवीएनएल के अधिकारियों को लंबित निरीक्षण कार्य तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने बैठक में मौजूद सभी सोलर वेंडरों को निर्देशित किया कि जिन उपभोक्ताओं को योजना की धनराशि प्राप्त हो चुकी है।

उनके यहां बिना देरी के सोलर रूफटॉप की स्थापना सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, कैनरा बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखाओं में सोलर पैनल स्थापना से संबंधित आवेदनों की पेंडेंसी अधिक पाई गई। इस पर संबंधित बैंक प्रतिनिधियों को एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को इन मामलों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में योजना के बेहतर क्रियान्वयन और अधिक से अधिक पात्र उपभोक्ताओं को समयबद्ध लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया गया।




## संचारी रोगों से बचाव को निकाली जागरूकता रैली

**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, जनता इंटर कॉलेज फतेहाबाद द्वारा गुरुवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. शिवकुमार सिंह ने विद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया। रैली विद्यालय से शुरू होकर अंबेडकर चौक, बस स्टैंड, ब्लॉक परिसर और बाग कॉलोनी होते हुए पुनः विद्यालय पहुंची। इस दौरान स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने संचारी रोगों की रोकथाम और बचाव संबंधी स्लोगन लिखी तख्तियां, पोस्टर तथा जागरूकता नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता और सावधानी बरतने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने किया। रैली में विद्यालय के सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी



टीएनएफ टुडे, आगरा।

जिला प्रोबेशन अधिकारी के दिशा-निर्देशों के क्रम में गुरुवार को डा. भीमराव अम्बेडकर वाटिका लश्करपुर, दयालबाग में महिलाओं एवं बच्चों के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की ओर से वर्तिका दीक्षित, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर एवं शिखा दीक्षित, जेंडर स्पेशलिस्ट द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला एवं बाल विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर महिलाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (राशन कार्ड), मिशन शक्ति अभियान सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

उन्हें बताया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों एवं जरूरतमंद परिवारों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, लैंगिक समानता, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं महिलाओं के कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या होने पर महिला हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, महिला पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

बालिकाओं को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। जन साहस एनजीओ से कासिम, अनीता सिंह व रेखा (क्षेत्रीय आंगनबाड़ी कार्यकत्री) के सहयोग से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएँ, बालिकाएँ उपस्थित रहे।

## बिछुड़े बुजुर्ग पर्यटक को परिवार से मिलाया

### आगरा पर्यटन थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई



टीएनएफ टुडे, आगरा।

पर्यटन थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता के चलते छत्तीसगढ़ से ताजमहल घूमने आए 70 वर्षीय बुजुर्ग पर्यटक को महज 24 घंटे के भीतर सकुशल खोजकर उनके परिजनों से मिला दिया गया। अपने बिछुड़े परिजन को सुरक्षित देखकर परिवार की आंखें नम हो गईं। उन्होंने आगरा पुलिस की संवेदनशीलता व तत्परता की जमकर सराहना की।

पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ के रायपुर निवासी नोहर खुटे (70 वर्ष) 28 जुलाई को अपने परिवार के साथ ताजमहल का भ्रमण करने आए थे। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण वह अचानक अपने परिजनों से बिछुड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही पर्यटन थाना पुलिस हरकत में आई और तत्काल खोजबीन शुरू कर दी। लगातार प्रयास और सक्रिय पुलिसिंग के चलते पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर बुजुर्ग पर्यटक को सकुशल बरामद कर लिया।

इसके बाद उन्हें उनके परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया। अपने परिजन को सुरक्षित वापस पाकर परिवार भावुक हो उठा और पर्यटन थाना पुलिस की संवेदनशीलता, मानवीय दृष्टिकोण तथा त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

### जिला क्रिकेट एसोसिएशन पर फिर उठे सवाल -

# आगरा में नीलामी कराने का औचित्य क्या था? वर्षों से अन्याय झेल रहे शहर के क्रिकेटर!

टीएनएफ टुडे, आगरा।



उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा विगत दिनों यहां यूपी टी-20 लीग के लिए कराई गई नीलामी को लेकर क्रिकेट जगत से जुड़े कुछ और लोगों ने भी सवाल उठाए हैं।

क्रिकेट प्रेमी बलदेव भटनागर ने सवाल किया कि जब नीलामी के लिए आगरा के दस खिलाड़ियों की सूची सार्वजनिक की गई थी तो उनका नाम नीलामी में क्यों नहीं बोला गया। उन्होंने कहा कि नीलामी से पहले सूची सार्वजनिक किए जाने पर लगा था कि शहर के खिलाड़ियों की किस्मत खुलने जा रही है, इससे न केवल क्रिकेट प्रेमियों में बल्कि खिलाड़ियों और उनके परिवारीजनों में उत्साह का संचार हुआ था, लेकिन खिलाड़ियों को नीलामी में शामिल न किए जाने से सभी की आशाओं पर गहरा तुषारापात हुआ।

उन्होंने जिला क्रिकेट एसोसिएशन पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब शहर के खिलाड़ियों को मौका ही नहीं दिया गया तो फिर इस नीलामी के तामझाम भरे आयोजन को आगरा में कराने का औचित्य क्या था। जिन दो खिलाड़ियों के चयन की बात कही जा रही है, वे तो पहले भी शामिल रह चुके हैं। भटनागर ने कहा कि बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर ही नहीं दिया जाएगा तो फिर टैलेंट हंट जैसे आयोजन करने का भी क्या लाभ है?

रेलवे से सेवानिवृत्त पूर्व क्रिकेटर अनवर खान ने भी सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी। पुरानी यादें ताजा करते हुए अनवर खान ने लिखा कि ऐसा होना कोई नई बात नहीं है, ज्योति वाजपेयी से पहले बशीर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव थे। उनके देहांत के बाद वाजपेयी साहब सचिव बने। बशीर के नाम से उत्तर प्रदेश क्रिकेट चैंपियन प्रतियोगिता प्रारंभ हुई जिसको आगरा जिला क्रिकेट टीम ने लगातार 10 साल फाइनल खेला, नौ बार विजेता बना। अंतिम दो साल दीपक तिवारी के नाम से ट्रॉफी दी गई। तब भी आगरा से कोई रणजी ट्रॉफी में नहीं चुना गया था।

केवल रोहित शर्मा चुना गया जो बॉम्बे के विरुद्ध मैच खेला। सर्वेश मध्यप्रदेश से खेला। रमन दीक्षित रेलवे की टीम में थे। बहुत बाद में मोहम्मद कैफ के स्थान पर परमिंदर सिंह खेला। कैफ भारतीय टीम में थे। अनवर खान ने कहा कि इस अन्याय को आगरा के खिलाड़ियों ने बहुत झेला है।



## गुरु हरकिशन साहिब का प्रकाश उत्सव 6 को

टीएनएफ टुडे, आगरा।

गुरुद्वारा दशमेश दरबार, शहीद नगर-विभव नगर प्रबंधन कमेटी की बैठक गुरुद्वारा परिसर में आयोजित हुई। प्रबंधक कमेटी के मेंबरों द्वारा आगामी 6 अगस्त को आयोजित होने वाले सिखों के आठवें गुरु श्री हरकिशन साहिब के प्रकाश उत्सव की जानकारी दी गई। प्रबंधन कमेटी ने बताया कि इस अवसर पर विशेष गुरमत समागम एवं कीर्तन दीवान सजाया जाएगा, हजूरी रागी भाई हरजिंदर सिंह, गुरशरण सिंह ( बब्बू वीर ) गुरबाणी कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करेंगे। कमेटी ने समस्त गुरु रूप साध-संगत से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की पावन हजूरी में आयोजित कीर्तन दरबार का लाभ प्राप्त करें। गुरु का अटूट लंगर वरतेगा। बैठक में प्रधान हरपाल सिंह, मलकीत सिंह, श्याम भोजवानी, गुरिंदर सिंह ओबरोय , इंद्रजीत सिंह वाधवा, सुरेंद्र सिंह लवली, देवेंद्र सिंह जुल्का, मनदीप सिंह, ज्ञानी मनसा सिंह, कृपाल सिंह, सनी सिंह, परमजीत सिंह, सहित प्रबंधन कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## चारागाह की जमीन के अतिक्रमण पर चला बुल्डोजर

टीएनएफ टुडे, बाह।

कैंजरा-बाह मार्ग से सटे डेरक गांव में चारागाह एवं खलिहान की बेसकीमती जमीन पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। जमीन कब्जाए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को बाह के एसडीएम विनोद कुमार, तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ, नायब तहसीलदार दयाचंद पौरुष, सुधीर गिरी राजस्व टीम के साथ के मौके पर पहुंचे। अपनी मौजूदगी में जमीन की पैमाइश कराई, अवैध अतिक्रमण को चिन्हित किया। बुल्डोजर चलवा कर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। लगातार मिल रही शिकायतों पर की गई प्रशासन की कार्यवाही को लेकर डेरक क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल रहा। अधिकारियों ने दोबारा से जमीन पर अतिक्रमण किए जाने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी।

## जिला पंचायत सदस्य ने किया आदित्य का सम्मान

टीएनएफ टुडे, बाह।

**पिनाहट।** नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 146 प्राप्त करने वाले पिनाहट के आदित्य शर्मा को जिला पंचायत सदस्य मुन्ना लंबर ने सम्मानित किया। मुन्ना लंबर बुधवार को आदित्य के निवास नंदगवा रोड समाधियां निवास पहुंचे। उन्होंने आदित्य को माला पहनाकर, अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आदित्य शर्मा पुत्र संदेश शर्मा ने इस सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि आदित्य ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा बनेगी। इस मौके परिजन और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## पानी भरने के विवाद में मां-बेटे को पीटा

टीएनएफ टुडे, बाह।

खरगजीतपुरा (इंद्रायनी) गांव में रात 8 बजे टीटीएसपी टंकी से पानी भरने को लेकर हुए विवाद में मां-बेटा को पीटे जाने का मामला सामने आया है। खरगजीतपुरा (इंद्रायनी) के अनिल ने पुलिस को बताया कि गांव में सरकारी टीटीएसपी टंकी है। टंकी की मरम्मत के लिए चंदे की मांग एवं पानी भरने से रोके जाने पर हुए विवाद में पड़ोसियों ने हमला कर दिया। मां विमला देवी और उसके साथ लात-घूसों, डंडों से मारपीट की गई। चीख पुकार पर आए बस्ती के लोगों ने बीच बचाव किया। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने घायल मां-बेटा का मेडीकल कराया है। दोनों को सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस ने तहरीर और मेडीकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## निरीक्षण के बाद स्कूल बंद कर गया शिक्षक

**पिनाहट (आगरा)।** जिलाधिकारी और बीएसए की सख्ती के बावजूद शिक्षकों की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही। गुरुवार को ब्लॉक पिनाहट के गांव पिडोरा स्थित प्राथमिक विद्यालय रोना की गढ़ी में एबीएसए के निरीक्षण के कुछ देर बाद ही शिक्षक स्कूल में ताला लगाकर चला गया। ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को एबीएसए महेश कुमार ने प्राथमिक विद्यालय रोना की गढ़ी का निरीक्षण किया। आरोप है कि निरीक्षण खत्म होने के कुछ समय बाद ही शिक्षक ने स्कूल में ताला जड़ दिया और चला गया। उस समय अभिभावक और बच्चे भी विद्यालय पहुंचे थे। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित शिक्षक रोजाना निर्धारित समय से पहले स्कूल बंद कर देता है। इस बार ग्रामीणों ने जीपीएस लोकेशन के साथ वीडियो बनाकर घटना को रिकॉर्ड किया और इंटरनेट मीडिया पर डाल दिया। वीडियो वायरल होते ही मामले ने तूल पकड़ लिया। एबीएसए पिनाहट महेश कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो संज्ञान में है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## सिढ़पुरा के फईम ने सुनार से मांगी चौथ

### फोन कर पैसा न देने पर जान से मारने की धमकी

**मुकदमा दर्ज, पुलिस कर रही मामले की जांच**

टीएनएफ टुडे, आगरा।



शहर के नमक की मंडी क्षेत्र में एक ज्वेलर्स से फोन पर चौथ मांगने और रकम न देने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर थाना कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सुमित कुमार पुत्र स्वर्गीय रामसिंह वर्मा की मानिक पैलेस, नमक की मंडी, थाना कोतवाली क्षेत्र में ज्वेलरी की दुकान है। उन्होंने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि फईम अली, निवासी सिढ़पुरा, जनपद कासगंज, अलग-अलग मोबाइल नंबरों से लगातार फोन कर चौथ की मांग कर रहा है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी फोन पर रकम देने का दबाव बना रहा है। पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। सुमित कुमार ने पुलिस को बताया कि व्यापार के सिलसिले में उनका अक्सर शहर से बाहर आना-जाना रहता है। जिससे उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है।

शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी फईम अली के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी है। घटना के बाद शहर के ज्वेलर्स में चिंता का माहौल है। व्यापारियों ने पुलिस से आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# ओआरएस-जिंक पीयें, डायरिया से बचें




टीएनएफ टुडे, आगरा।

विश्व ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय सराय बेगा में गुरुवार को जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया और केनव्यू के सहयोग से ह्यडायरिया से डर नहींह्ल कार्यक्रम के तहत ह्लओआरएस-जिंक है साथ, तो डायरिया से डरने की नहीं कोई बातह्न, ह्लओआरएस फर्स्ट, हर बच्चा, हर दस्तह्व का संदेश दिया गया।

**विश्व ओआरएस दिवस पर किया लोगों को जागरुक**

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरीपर्वत वेस्ट की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीनम चतुर्वेदी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम तहत विद्यार्थियों को डायरिया से बचाव के जरूरी टिप्स बताए गए। आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डॉ. अंकुर ने बताया कि समय पर ओआरएस देने से 90% डिहाइड्रेशन के केस घर पर ही ठीक हो जाते हैं।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की डॉ. जया ने कहा कि यदि बच्चे को बार-बार पतले दस्त, तेज प्यास, सुस्ती के लक्षण दिखाई दें तो बिना विलंब निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना चाहिए। पीएसआई इंडिया से असिस्टेंट मैनेजर पंकज ने बच्चों से "स्वच्छ जल, समुचित उपचार, डायरिया से बचें हर बार" को दोहराया क कार्यक्रम में स्टाफ नर्स संध्या, एएनएम शालिनी, आशा डॉली और पीएसआई इंडिया से देवप्रिया, आरती, सोनल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य गुंजन व स्कूल स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# बारह साला संदेश

सरकार की आलोचना करना देश-विरोध नहीं है। एक मजबूत लोकतंत्र में रचनात्मक आलोचना ही बेहतर शासन की बुनियाद होती है। किसी भी सरकार की सबसे बड़ी कामयाबी केवल उपलब्धियाँ गिनाने में नहीं, बल्कि अपनी कमियों को स्वीकार कर उन्हें दूर करने में होती है। भारत को ऐसा विकास चाहिए जो सबको साथ लेकर चले, टिकाऊ हो और हर नागरिक तक उसका लाभ पहुँचे। बेरोजगारी, किसानों की बदहाली, महँगाई, पर्यावरण संकट, शिक्षा और स्वास्थ्य की असमानता, तथा सामाजिक सौहार्द को मजबूत करना। करोड़ों युवा अच्छी नौकरियों की तलाश में हैं। किसान अनिश्चित आमदनी से जूझ रहे हैं। महँगाई हर परिवार का बजट बिगाड़ रही है। हवा और पानी का प्रदूषण लोगों की सेहत पर हमला कर रहा है। समाज में बढ़ती दूरियाँ लोकतंत्र को भी कमजोर करती हैं।यह भी सच है कि पिछले दशक में भारत ने बुनियादी ढाँचे, डिजिटल तकनीक और कल्याणकारी योजनाओं में उल्लेखनीय प्रगति की है। लेकिन कोई भी राष्ट्र केवल एक्सप्रेसवे, ऐप्स और ऊँची इमारतों से महान नहीं बनता। उसकी असली ताकत इस बात से तय होती है कि वह आम आदमी की रोजमर्रा की परेशानियों को कितनी ईमानदारी से हल करता है। आज भी छह बड़े सवाल देश के सामने खड़े हैं: बेरोजगारी, किसानों की बदहाली, महँगाई, पर्यावरण संकट, शिक्षा और स्वास्थ्य की असमानता, तथा सामाजिक सौहार्द को मजबूत करना। करोड़ों युवा अच्छी नौकरियों की तलाश में हैं। किसान अनिश्चित आमदनी से जूझ रहे हैं। महँगाई हर परिवार का बजट बिगाड़ रही है। हवा और पानी का प्रदूषण लोगों की सेहत पर हमला कर रहा है। समाज में बढ़ती दूरियाँ लोकतंत्र को भी कमजोर करती हैं। भ्रष्टाचार खत्म नहीं हुआ, बल्कि उसका अंदाज बदल गया है। रोजमर्रा के सरकारी कामों में रिश्वत की शिकायतें अब भी आम हैं। अक्सर आरोप लगते हैं कि कंपनियाँ राजनीतिक दलों को चंदा देती हैं और बाद में सरकारी ठेके हासिल कर लेती हैं। कुछ उद्योगों, खासकर खनन और दवा क्षेत्र में, नियामक संस्थाओं की निष्पक्षता पर भी सवाल उठते रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में "वॉशिंग मशीन" शब्द भी खूब चर्चा में रहा। विपक्ष के जिन नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप थे, वे सत्ता पक्ष में शामिल होते ही कानूनी दबाव से राहत पाते दिखाई दिए। उच्च स्तर के भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए बना लोकपाल भी अब तक अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। न्यायपालिका की हालत भी चिंताजनक है। देशभर की अदालतों में 5.6 करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित हैं। इनमें से लगभग पाँच करोड़ मामले जिला अदालतों में हैं। कई उच्च न्यायालयों में दस-दस वर्षों से मुकदमे लंबित पड़े हैं। बड़ी संख्या में न्यायाधीशों के पद खाली हैं। आम नागरिक इंसाफ के इंतजार में बूढ़ा हो जाता है, जबकि प्रभावशाली लोग लंबी कानूनी प्रक्रिया का बोझ आसानी से झेल लेते हैं।नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को सत्ता में आए अब बारह साल हो चुके हैं। इस दौरान बड़े-बड़े वादे हुए, कई उपलब्धियाँ भी मिलीं। सड़कों, डिजिटल सेवाओं, आधारभूत ढाँचे और कल्याणकारी योजनाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई। लेकिन देश के बुनियादी संस्थानों की हालत पर नजर डालें तो तस्वीर उतनी रोशन नहीं दिखती। कई पुराने मसले आज भी जस के तस हैं, बल्कि कुछ और पेचीदा हो गए हैं। इनका असर सीधे करोड़ों आम नागरिकों की ज़िंदगी पर पड़ता है। सबसे बड़ा अधूरा काम चुनाव सुधार है। वर्षों से अदालतें, चुनाव विशेषज्ञ और कई समितियाँ राजनीतिक व्यवस्था में सुधार की सिफारिश करती रही हैं। फिर भी राजनीति में धनबल और बाहुबल का दबदबा कम नहीं हुआ।

# दिल्ली पुलिस ने बताई पूरी सच्चाई

दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों का खंडन किया जिनमें दावा किया गया था कि जंतर-मंतर को विरोध-प्रदर्शनों के लिए बंद या सील कर दिया गया है। पुलिस ने इन दावों को पूरी तरह से गलत, भ्रामक और तथ्यों से रहित बताया। पुलिस ने साफ किया कि जंतर-मंतर शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के लिए एक सक्रिय और अधिकृत जगह बनी हुई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश और उससे जुड़ी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (रडढ) के अनुसार, इस जगह पर 1,000 लोगों तक को इकट्ठा होने की इजाजत दी जा सकती है। यह मांग तब उठी जब गुरुवार को संसद परिसर में मकर द्वार पर विपक्षी सांसदों ने छात्र प्रदर्शनकारियों के साथ कथित पुलिस ज्यादती और अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। 'इंडिया' (कठउक्कअ) गठबंधन की कई पार्टियों के सांसद सुबह करीब 10:30 बजे मकर द्वार पर जमा हुए। उनके हाथों में ऐसे प्लेकार्ड थे जिनमें यह सवाल उठाया गया था कि 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर पुलिस कार्रवाई का आदेश किसने दिया था। उन्होंने केंद्र सरकार से पुलिस की कथित ज्यादतियों और श्री राम जन्मभूमि मंदिर के दान से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं, दोनों मामलों में जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए नारे लगाए।

**-अनाम**

# धरती की चेतावनी को सुनिए

> “भारत की शिक्षा व्यवस्था में सुधार केवल सरकार पर निर्भर नहीं हो सकता; इसके लिए नवाचार, जवाबदेही और उद्यमशीलता को जोड़ना होगा। देश की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा जनसंख्या है, जो तभी लाभकारी बनेगी जब उसे गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुख शिक्षा मिले। शिक्षा की गुणवत्ता विद्यालय के सरकारी या निजी होने से नहीं, बल्कि योग्य शिक्षकों, प्रभावी प्रबंधन और जवाबदेही से तय होती है।



पूरी दुनिया में मौसम के तेजी से बिगड़ते मिजाज के कारण विभिन्न देशों में प्रकृति की मार अब स्पष्ट नजर आने लगी है। प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही परिणाम है कि अब हर साल देश के कई हिस्से भारी बारिश के कारण बाढ़ की वजह से त्राहि-त्राहि करते नजर आते हैं जबकि कई हिस्से मानसून के दौरान भी पर्याप्त बारिश के लिए तरसते रह जाते हैं। इस वर्ष भी कुछ ऐसे ही हालात हैं। दुनिया के कई ठंडे इलाके अब ग्लोबल वार्मिंग के कारण तपने लगे हैं तो कई सूखे इलाके बाढ़ से त्रस्त हैं, जंगल झुलस रहे हैं। बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन और मौसम चक्र में आते बदलाव के कारण पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा जीव-जंतुओं की कई प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। पर्यावरण के तेजी से बदलते इस दौर में वैश्विक स्तर पर लोगों का ध्यान इन समस्याओं की ओर आकृष्ट करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 जुलाई को ह्यविश्व प्रकृति संरक्षण दिवसह्न मनाया जाता है, जिसके माध्यम से वातावरण में हो रहे व्यापक बदलावों के चलते लगातार विलुप्ति के कगार पर पहुंच रही जीव जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों की रक्षा का संकल्प लिया जाता है। विश्वभर में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर जो खिलवाड़ हो रहा है, उसके मद्देनजर आमजन को जागरूक करने के लिहाज से रंग्ी के समय में प्रकृति संरक्षण दिवस की महत्ता बढ़ गई है।

लॉकडाउन के दौर ने पूरी दुनिया को यह समझने का बेहतरीन अवसर दिया था कि इंसानी गतिविधियों के कारण ही प्रकृति का जिस बड़े पैमाने पर दोहन किया जाता रहा है, उसी के कारण स्वर्ग से भी सुंदर हमारी धरती कराहती रही है। प्रकृति मनुष्य को ऐसा न करने के लिए बार-बार किसी न किसी बड़ी आपदा के रूप में चेतावनियां भी देती रही है लेकिन उन चेतावनियों को सदा दरकिनार किया जाता रहा है। प्रकृति के साथ मानवीय छेड़छाड़ का ही नतीजा रहा है कि बीते कुछ वर्षों में मौसम चक्र में बदलाव स्पष्ट दिखाई दिया है। वर्ष दर वर्ष अब जिस प्रकार मौसम के बिगड़ते मिजाज के चलते समय-समय पर तबाही देखने को मिल रही है, ऐसे में हमें अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि मौसम चक्र के बदलाव के कारण प्रकृति संतुलन पर जो विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, उसकी अनदेखी के कितने भयावह परिणाम होंगे। प्रकृति बार-बार मौसम चक्र में बदलाव के संकेत, चेतावनी तथा संभलने का अवसर देती रही है लेकिन हम आदतन किसी बड़े खतरे के सामने आने तक ऐसे संकेतों या चेतावनियों को नजरअंदाज करते रहे हैं, जिसका नतीजा अक्सर भारी तबाही के रूप में सामने आता रहा है।

पिछले तीन दशकों से पर्यावरण प्रदूषण के कारण जिस प्रकार मौसम चक्र तीव्र गति से बदल रहा है और प्राकृतिक आपदाओं का आकस्मिक सिलसिला तेज हुआ है, उसके बावजूद यदि हम नहीं संभलना चाहते तो इसमें भला प्रकृति का क्या दोष? प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर जो छेड़छाड़ कर रहे हैं, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय में भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। अपनी पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्न में मैंने विस्तार से यह बताया है कि किस प्रकार पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं। हमारे जो पर्वतीय स्थान कुछ सालों पहले तक शांत और स्वच्छ वातावरण के कारण हर किसी को अपनी ओर आकर्षित किया करते थे, आज वहां भी प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और ठंडे इलाकों के रूप में विख्यात पहाड़ भी तपने लगने हैं, वहां भी जल संकट गहराने लगा है। दरअसल पर्वतीय क्षेत्रों में यातायात के साधनों से बढ़ते प्रदूषण, बड़े-बड़े उद्योग स्थापित करने और राजमार्ग बनाने के नाम पर बड़े पैमाने पर वनों के दोहन, सुरंगें बनाने के लिए बेदर्दी से पहाड़ों का सीना चीरे जाने का ही दुष्परिणाम है कि हमारे इन खूबसूरत पहाड़ों की ठंडक अब लगातार कम हो रही है। पहाड़ों में बढ़ती इसी गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें भी सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है।

हालांकि प्रकृति बार-बार अपना रौद्र रूप दिखाकर स्पष्ट चेतावनी देती रही है कि यदि उसके साथ अंधाधुंध खिलवाड़ बंद नहीं हुआ तो उसके घातक परिणाम होंगे लेकिन विड़म्बना है कि लगातार प्रकृति का प्रचण्ड रूप देखते रहने के बावजूद प्रकृति की चेतावनियों को नजरअंदाज कर दुनिया अपने विनाश को आमंत्रित कर रही है। दरअसल हम समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम कंक्रीट के जो जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं है बल्कि विकास के नाम पर हम अपने ही विनाश का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें बारम्बार चेतावनी देती रही है कि हम यदि इसी प्रकार प्राकृतिक संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है। यदि हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

**- योगेश कुमार गोयल**

# पंजाब चुनाव से पहले नया नैरेटिव गढ़ने का प्रयास

पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले राज्य की राजनीति में एक नया नैरेटिव गढ़ने की कोशिश तेज होती दिखाई दे रही है। सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक ऐसा माहौल बनाने का प्रयास हो रहा है कि कट्टरपंथी राजनीति को जनभावना का पर्याय बना दिया जाए। इसी कड़ी में एक दिन पहले चंडीगढ़ में हुए प्रदर्शन ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या लोकतांत्रिक विरोध के नाम पर कानून व्यवस्था को चुनौती देना और युवाओं को उग्र राजनीति की ओर धकेलना पंजाब के भविष्य के लिए शुभ संकेत है? देखा जाये तो राज्य के लोगों को बेहद सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि चुनावी जमीन तैयार करने के लिए भावनात्मक मुद्दों को हथियार बनाया जा रहा है।



हम आपको बता दें कि यह प्रदर्शन वारिस पंजाब दे के सांसद अमृतपाल सिंह और अन्य सिख नेताओं की रिहाई की मांग को लेकर आयोजित किया गया था। प्रदर्शनकारी पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास की ओर मार्च करना चाहते थे, लेकिन चंडीगढ़-मोहाली सीमा पर भारी पुलिस बल और बैरिकेडिंग के कारण उन्हें रोक दिया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति बन गई और माहौल लंबे समय तक तनावपूर्ण बना रहा।

हालांकि इस पूरे आंदोलन को केवल एक रिहाई अभियान के रूप में देखना बड़ी भूल होगी। इसके पीछे कहीं अधिक व्यापक राजनीतिक रणनीति दिखाई देती है। अमृतपाल सिंह 2024 के लोकसभा चुनाव में खडूर साहिब से निर्दलीय सांसद चुने गए थे और अब वारिस पंजाब दे ने उन्हें 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया है। ऐसे में लगातार हो रहे प्रदर्शन उनके राजनीतिक प्रभाव को जीवित रखने और उन्हें राज्य की राजनीति के केंद्र में बनाए रखने की कोशिश के रूप में देखे जा रहे हैं।

वारिस पंजाब दे का दावा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (ठरअ) के तहत अमृतपाल सिंह की निरोधात्मक हिरासत समाप्त हो चुकी है, इसलिए उन्हें रिहा किया जाना चाहिए। लेकिन दूसरी ओर सरकार और अदालतों का कहना है कि 2023 के अजनाला पुलिस स्टेशन हमले समेत कई गंभीर आपराधिक मामलों के कारण उनकी हिरासत जारी है और उन्हें अस्थायी राहत देना राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है। यही वजह है कि उनकी रिहाई संबंधी याचिकाओं को लगातार खारिज किया गया है।

इस आंदोलन का एक दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि अमृतपाल सिंह की रिहाई की मांग को तथाकथित "बंदी सिंह" के मुद्दे से जोड़कर व्यापक धार्मिक और भावनात्मक समर्थन जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे आंदोलन को केवल एक व्यक्ति तक सीमित रखने की बजाय उसे व्यापक पंथिक विमर्श का रूप देने की रणनीति अपनाई गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इससे संगठन पारंपरिक सिख राजनीति पर अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है।

यही वह बिंदु है जहां वारिस पंजाब दे की विचारधारा और उसकी कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। लोकतंत्र में किसी भी नागरिक या संगठन को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार है, लेकिन यदि आंदोलन का स्वरूप लगातार टकराव, उग्र नारों, कानून व्यवस्था को चुनौती देने और युवाओं में व्यवस्था-विरोधी मानसिकता को बढ़ावा देने वाला बन जाए, तो यह केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का विषय नहीं रह जाता। ऐसी राजनीति समाज में ध्रुवीकरण बढ़ा सकती है और पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य को फिर से वैचारिक अस्थिरता की ओर धकेलने का खतरा पैदा कर सकती है।

राजनीतिक दृष्टि से भी यह आंदोलन कई संदेश देता है। एक ओर यह आम आदमी पार्टी सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश है ताकि किसी भी सख्त कार्रवाई को "सिख विरोधी" करार दिया जा सके, वहीं दूसरी ओर यह शिरोमणि अकाली दल के पारंपरिक पंथिक वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति भी माना जा रहा है। लगातार सड़क पर उतरकर संगठन अपने समर्थकों को यह संदेश देना चाहता है कि वह स्वयं को पंजाब की नई राजनीतिक ताकत के रूप में स्थापित करने की तैयारी में है।

बहरहाल, पंजाब के मतदाताओं के सामने आने वाले समय में सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि वे भावनात्मक नारों और उग्र राजनीति की बजाय राज्य के विकास, रोजगार, शिक्षा, नशे की समस्या और कानून व्यवस्था जैसे वास्तविक मुद्दों को प्राथमिकता दें। लोकतंत्र में असहमति आवश्यक है, लेकिन यदि चुनावी लाभ के लिए कट्टरपंथी सोच और टकराव की राजनीति को सामान्य बनाने की कोशिश की जाती है, तो उसका नुकसान पूरे समाज को उठाना पड़ सकता है। इसलिए पंजाब के लोगों को हर राजनीतिक नैरेटिव का गंभीरता से मूल्यांकन करना होगा और ऐसे किसी भी प्रयास से सतर्क रहना होगा जो समाज को बांटने या युवाओं को उग्र विचारधारा की ओर मोड़ने का माध्यम बन सकता है।

**-नीरज कुमार दुबे**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 01 अगस्त 2026 शनिवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृष सिंह कन्या धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। शनिवार का दिन साक्षात न्याय के देवता भगवान शनिदेव की आराधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन शनिदेव को सरसों का तेल अर्पित करना तथा हनुमान चालीसा का वाचन करना जीवन में असीम मानसिक शांति आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। शनिदेव को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। शनि चालीसा का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। शनिवार को पीपल के वृक्ष के पास दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। शनिदेव के सम्मुख सरसों के तेल का दीप अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर भस्म का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आजआपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। असहाय लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। मस्तक पर नीले रंग का पुष्प अर्पित करें या नीले वस्त्र धारण करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। शनि रक्षा स्तोत्र का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। शनि मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। शनिदेव महाराज को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। काले तिल का दान करें जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी शिव मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

शनिवार के दिन घर के मुख्य प्रवेश द्वार पर पश्चिम की दिशा में सरसों के तेल का दीपक प्रज्वलित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात शनिदेव की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर गिरिराज भगवान का पंचामृत से महाभिषेक

## 7 दिनों तक चले महोत्सव के अंतिम दिनों दर्शन को उमड़े भक्त

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

गुरू पूर्णिमा (मुड़िया पूनों) महोत्सव श्रीकृष्ण-जन्मस्थान पर आज 29 जुलाई बुधवार को बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। श्रीगिरिराज पूजा महोत्सव के अन्तर्गत बुधवार को प्रातः 9 बजे जन्मस्थान पर विराजमान श्रीगिरिराज महाराज का भव्य पंचामृत महाभिषेक हुआ।



श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि भक्तों ने श्रद्धा एवं भाव से कई मन दूध, दही, घी, शक्कर एवं मधु से भगवान का महाभिषेक किया। शास्त्रीय एवं प्राचीन विधान के अनुसार सुगन्धित द्रव्य, केसर एवं अन्य वन्य, वस्तुओं का प्रयोग भी भगवान के महाभिषेक में किया गया। परंपरागत रूप से आयोजित यह महोत्सव आज संपूर्ण ब्रजमण्डल में अपने आप में एक प्रतिनिधि एवं अनूठा आयोजन बन गया है। छप्पन भोग प्रसाद के मध्य विराजित भगवान के स्वरूप भक्तों को आनंद से सराबोर कर रहे थे। साथ ही दिनांक 23 जुलाई से प्रारम्भ हुए भण्डारा-प्रसाद सेवा सात दिन तक निरन्तर चली। जिसमें हजारों-हजार श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के भंडारे में प्रसाद पाकर अभिभूत हैं।



संस्थान के सचिव कपिल शर्मा, सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित दर्शन एवं अन्य व्यवस्थाओं में लगे रहे। संस्थान सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि इस सप्तदिवसीय श्रीगिरिराज पूजा महोत्सव एवं भव्य छप्पनभोग के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्रीकृष्ण संकीर्तन मण्डल के सदस्यगणों द्वारा अथक प्रयास किये गये। छप्पनभोग दर्शन के मध्य ब्रज की सुविख्यात भजन गायिका शालिनी शर्मा, एवं भोपाल की गुंजन तिवारी-गुजनगुन तिवारी द्वारा लीलामंच प्रांगण में ठाकुरजी के प्रिय भजनों का गायन कर श्रद्धालुओं को तो आनंद विभोर किया। इस गिरिराज पूजा महोत्सव का समापन 108 दीप द्वारा भगवान की भव्य-दिव्य एवं अलौकिक आरती के द्वारा हुआ। श्रीकृष्ण संकीर्तन मण्डल के अनिलभाई, कन्हैयालाल रंगवाले, पंकज अग्रवाल, प्रदीप हाई, ब्रजकिशोर, महेन्द्र प्रताप, रमाकान्त अग्रवाल आदि सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण के अथक प्रयासों एवं सहयोग, इस गिरिराज पूजा महोत्सव के भव्य आयोजन में रहा।



### श्रावण मास शुरू, स्वर्ण और रजत हिंडोला में विराजे ठाकुर द्वारकाधीश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

सावन भादो के महीने में ब्रज मंडल के मठ मंदिरों में विशेष आयोजन होते हैं। ये आयोजन भक्तजनों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहते हैं। स्वर्ण और रजत हिंडोला में विराजमान होकर राजाधिराज ने दिए अपने भक्तों को दर्शन पुष्टिमार्ग संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने बताया कि मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज (कांकरोली नरेश, तृतीय पीठ) के द्वारा किया जाता है। उसी परंपरा के तहत आज सावन मास के प्रथम दिन ठाकुर जी महाराज स्वर्ण और रजत हिंडोला में विराजमान हुए। यह स्वर्ण और रजत हिंडोला काफी प्राचीन हैं। पुष्टिमार्गीय परंपरा में ठाकुर जी को लाड़-लड़ाने के तहत सर्वप्रथम स्वर्ण और रजत हिंडोला में विराजमान कराया जाता है। यह क्रम पूरे सावन मास जारी रहेगा। कल भी संध्या समय 5:10 से 5:40 बजे तक ठाकुर जी महाराज फिरोजी हिंडोले में विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला वांछित गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



थाना जैंत पुलिस ने नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को भी सकुशल बरामद कर लिया है। थाना जैत पुलिस ने गुरुवार मघेरा चौराहा, बाटी रोड की तरफ (जिला मथुरा) से वांछित गौरव खन्ना (पुत्र अजय खन्ना, निवासी मोहल्ला जनकपुरी, थाना सिविल लाइन, जिला मुजफ्फरनगर, उम्र करीब 19 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, इस मामले में पहले मु.अ.सं.-483/2026 के तहत धारा 137(2) बी.एन.एस. दर्ज थी। गिरफ्तारी और साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमे में धारा 64(1) / 87 / 115(2) / 352 / 351(2) बी.एन.एस. एवं 3/4 पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूछताछ और रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। इस सराहनीय कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सोनू कुमार (थाना जैत, मथुरा) उपनिरीक्षक शिव कुमार (थाना जैत, मथुरा) हेड कांस्टेबल 1040 यतेन्द्र सिंह (थाना जैत, मथुरा) कांस्टेबल 1129 सतेन्द्रपाल सिंह (थाना जैत, मथुरा) आरक्षी (रि.का.) 414 सचिन कुमार (थाना जैत, मथुरा) शामिल रहे।

### जमीनी विवाद में तमंचा लहराने वाला बुजुर्ग गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मांट, मथुरा।

मांट थाना पुलिस ने जमीनी विवाद में तमंचा दिखाकर दूसरे पक्ष को डराने-धमकाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा (315 बोर) और दो कारतूस बरामद किए हैं। 29 जुलाई को मांट थाना क्षेत्र के ग्राम नगला मिलक (खण्ड डागोली) में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर कहासुनी व झगड़ा हो गया था। आरोप है कि झगड़े के दौरान गाँव के ही रहने वाले कुन्दन (70 वर्ष) पुत्र मंगीलाल ने तमंचा दिखाकर दूसरे पक्ष को डराया और धमकाया। पीड़ित पक्ष ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जिसमें वृद्ध हथियार लहराता हुआ दिखाई दे रहा था। वीडियो सामने आने और मुखबिर खास की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार के नेतृत्व में उप-निरीक्षक आशीष कुमार, उप-निरीक्षक अवधेश कुमार, हेड कांस्टेबल मलिखान सिंह तथा कांस्टेबल रोहित कुमार की पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने शाम करीब 7:20 बजे आरोपी कुन्दन को नगला मिलक से ही दबोच लिया।

### मुड़िया मेला में 1.75 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई परिक्रमा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मांट, मथुरा।

श्री गिरिराज जी महाराज की अपार भक्ति और प्रशासनिक मुस्तैदी का एक भव्य उदाहरण पेश करते हुए मथुरा के मुड़िया पूर्णिमा मेले 2026 का सफल समापन हुआ। पिछले छह महीनों की अथक मेहनत और जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा की गई व्यापक तैयारियों के सुखद परिणाम स्वरूप, मेले की अवधि 23 से 30 जुलाई के दौरान, रिकॉर्ड 1 करोड़ 75 लाख श्रद्धालुओं ने श्री गिरिराज जी महाराज की परिक्रमा कर दर्शन लाभ प्राप्त किया। विशेष रूप से, एकादशी और सप्ताहांत के अवकाश के कारण प्रतिदिन लगभग 25-25 लाख श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। इतनी भारी भीड़ के बावजूद, सुरक्षा और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, ए.डी.जी. जोन आगरा, मंडलायुक्त आगरा, डी.आई.जी. आगरा परिक्षेत्र, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन की तकनीकी और प्रबंधकीय कुशलता सराहनीय रही। 184 महत्वपूर्ण स्थानों की निगरानी के लिए एक अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम, वॉच टावर और वायरलेस नेटवर्क स्थापित किया गया था। यातायात को सुचारू रखने के लिए। बसों का एकल दिशा (वन-वे) में संचालन और वाहनों के लिए निर्धारित दूरी पर पार्किंग की व्यापक व्यवस्था की गई थी, जिससे यातायात सुचारू बना रहा। स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं के पुख्ता प्रबंधों और श्रद्धालुओं द्वारा नियमों के अनुशासित पालन के कारण, यह भव्य मेला शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस सफल आयोजन की श्रद्धालुओं और प्रशासन दोनों ने। परस्पर सराहना की है। यह जानकारी सुरेश चन्द्र रावत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने दी।

# कोटवन कट पर प्राइवेट बस ने रोडवेज में मारी टक्कर

## एक दर्जन से अधिक यात्री घायल



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

कोसीकलां थाना क्षेत्र स्थित कोटवन कट पर गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की रोडवेज बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बसों का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क किनारे गड्ढे में उतर गईं। हादसे में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोसीकलां पुलिस, नेशनल हाईवे टीम और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रोडवेज बस अपने निर्धारित मार्ग पर चल रही थी, तभी पीछे से तेज गति से आ रही प्राइवेट बस ने उसमें टक्कर मार दी। यात्रियों का आरोप है कि प्राइवेट बस चालक अधिक सवारियां बैठाने की होड़ में तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था, जिसके चलते वह नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हो गया। हादसे के बाद पुलिस ने हाईवे टीम और क्रेन की सहायता से दोनों क्षतिग्रस्त बसों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# मुडिया मेला संपन्न, 1000 कर्मचारी साफ- सफाई में जुटे

**मुड़िया पुनों मेला सम्पन्न होने के बाद अब सफाई बड़ी चुनौती**

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, गोवर्धन।

आस्था और श्रद्धा का प्रतीक मुड़िया पुनों मेला इस वर्ष निर्विघ्न और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। पांच दिवसीय मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने गिरिराज जी की सप्तकोसीय परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मेले के दौरान व्यवस्थाएं काफी संतोषजनक रहीं, लेकिन मेला समाप्त होते ही अब सफाई व्यवस्था प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। मेला समाप्ति के बाद परिक्रमा मार्ग और गिरिराज जी की तलहटी में भारी मात्रा में कचरा और गंदगी के ढेर लग गए हैं। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने करीब 1000 सफाई कर्मियों की तैनाती कर दी है, जो दिन-रात सफाई कार्य में जुटे हुए हैं।



गोवर्धन नगर पंचायत के साथ-साथ जनपद की अन्य नगर पंचायतों और जिला पंचायत राज विभाग के कर्मचारी भी अभियान में शामिल हैं। सबसे अधिक परेशानी गिरिराज जी की तलहटी में भंडारा लगाने वालों द्वारा फेंकी गई खाद्य सामग्री से हो रही है।

इसके अलावा 21 किलोमीटर लंबी परिक्रमा मार्ग पर प्लास्टिक की बोतलें, पॉलिथीन और अन्य कचरा भी बड़ी मात्रा में फैला हुआ है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए युद्ध स्तर पर सफाई अभियान शुरू करा दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द परिक्रमा मार्ग को पूरी तरह स्वच्छ किया जाए।

## 9.33 लाख के फजीर्वाडा का आरोप, बीडीओ-जेई और सचिवों से पूछताछ

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, **सिढ़पुरा।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बाजितपुर में मनरेगा योजना के तहत कराए गए इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य के भुगतान में कथित अनियमितताओं के आरोपों ने प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी है। पटियाली के पूर्व विधायक ममतेश शाक्य की शिकायत पर बुधवार को जांच टीम गांव पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पूर्व विधायक ममतेश शाक्य ने उपमुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत बाजितपुर में ट्रांसफार्मर से सुनील जाटव के खेत तक इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य मनरेगा के तहत कराया गया था। आरोप है कि इस कार्य का भुगतान ग्राम पंचायत स्तर से 8,86,701 होना था, लेकिन क्षेत्र पंचायत स्तर से कथित रूप से फर्जी एमबी ) तैयार कराकर करीब 9.33 लाख का भुगतान गलत तरीके से निकाल लिया गया।

शिकायत में सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। विधायक ने शिकायत की प्रति जिलाधिकारी कासगंज को भी भेजी है। शिकायत के बाद बुधवार को जांच टीम ग्राम पंचायत बाजितपुर पहुंची। जांच में सुमनलता अपर आयुक्त ग्राम विकास लखनऊ,अक्षिता यादव अतरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी,सत्येंद्र कुमार राज्य गुणवत्ता नियंत्रण अलीगढ़ मण्डल की उपस्थिति में जांच के दौरान टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की स्थिति देखी और संबंधित अभिलेखों की जांच की। इस दौरान खंड विकास अधिकारी कुलदीप, ए पीओ प्रीती,ए डीओ ग्राम्य हरिओम प्रतिहार,जेई आरईडी सत्यप्रकाश,जे ई एम आई अमर सिंह,रामचन्द्र लिपिक,ग्राम सचिव नीरज शाक्य, सचिव अजीत यादव, सत्येंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों से कार्य की स्वीकृति, निर्माण प्रक्रिया, भुगतान एवं अभिलेखों के संबंध में जानकारी ली गई। जांच टीम ने निर्माण स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही भुगतान से जुड़े दस्तावेजों, एमबी और अन्य रिकॉर्ड का मिलान किया।

# शराब पीकर माहौल खराब करने वालों की पुलिस ने ली खबर

## वाहन चालकों को भी दी हिदायत, शराब पीकर न चलाएं गाडी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया। एएसपी आशना चौधरी ने शहर कोतवाली क्षेत्र के सौंख रोड से लेकर मंडी चौराहे तक पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध दोपहिया और चार पहिया वाहनों को रोककर उनकी गहन जांच की।




एएसपी आशना चौधरी ने सौंख रोड स्थित शराब के ठेकों और ताज होटल के आसपास भी निरीक्षण किया। खुले में शराब पीकर माहौल खराब करने वाले लोगों को पुलिस ने कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में ऐसी हरकत दोबारा न करने के निर्देश दिए। साथ ही ठेका संचालकों को भी व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाने के लिए कहा गया। निरीक्षण के दौरान सड़क पर फैले अतिक्रमण और बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों पर एएसपी ने नाराजगी जताई। उन्होंने शराब ठेका और होटल संचालकों को तत्काल अतिक्रमण हटाने और सभी सीसीटीवी कैमरों को चालू कराने के निर्देश दिए। एएसपी आशना चौधरी ने कहा कि आगामी त्योहारों के दौरान शहर की शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अराजकता, नियमों की अनदेखी या सार्वजनिक व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान के दौरान शहर कोतवाल विनोद बाबू मिश्रा, कृष्णा नगर चौकी प्रभारी संजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# एनईपी 20-20 के 6 वर्ष पूर्ण होने परिचर्चा का आयोजन किया

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगढ़।

श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय अलीगढ़ में इग्नू महिला के क्षेत्रीय कार्यालय अलीगढ़ के सहयोग से एनईपी 20-20 के 6 वर्ष पूर्ण होने परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर लकी गुप्ता एवं क्षेत्रीय निदेशक डॉ अजय वर्धन आचार्य के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रो लकी गुप्ता ने एनईपी 2020 के महत्व को बताते हुए कहा यह शिक्षा नीति गुणवत्ता युक्त, समावेशी एवं बहुविषयक होने के साथ-साथ रोजगार एवं कौशल विकास करने में पूर्णतया सक्षम है। यह भारतीय परंपरा का अभूतपूर्व उदाहरण है।

इस अवसर प्रो सपना सिंह, प्रो सीमा अग्रवाल, प्रो हेमलता अग्रवाल, प्रो आरती गहरवार, प्रो मिश्क एआर आबिदी, प्रो उम्में कुलसुम ने अपने विचार रखे। प्रो सपना सिंह ने एनईपी 2020 के इतिहास एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला डॉ सीमा बंसल ने गुरु शिष्य परंपरा को बताते हुए तकनीकी आध्यात्मिक एवं व्यवहारिक शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए संगीत के महत्व को बताया प्रोफेसर हेमलता अग्रवाल ने शिक्षा व्यवस्था के मूल्यांकन में हुए बदलाव आंतरिक एवं वह विश्वविद्यालय परीक्षा एवं क्रेडिट प्रणाली के विषय में बताया। प्रो आरती गहरवार ने भारतीय ज्ञान परंपरा का किस प्रकार से समावेश किया गया है उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति पूर्ण इतिहास हमारी प्राचीन एवं आधुनिक शिक्षा का मिला जुला स्वरूप है।

प्रोफेसर उम्मे कुलसुम ने एनईपी 2020 की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। डॉ अजयवर्धन आचार्य इग्नू क्षेत्रीय निदेशक अलीगढ़ ने कहा कि इग्नू विश्व स्तर पर काम करने वाली रैंक संस्था है जिसमें 400 पाठ्यक्रम है और यह शिक्षा व्यवस्था व्यक्ति को रोजगार के साथ-साथ पढ़ाई करने का असर प्रदान करती है। कार्यक्रम का संचालन इग्नू असिस्टेंट को कॉर्डिनेटर डा. ममता श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव, डा गीतिका सिंह डॉ सुमन रघुवंशी, डॉक्टर कृष्णा बाजपेई , डॉ प्रतिमा वार्ष्णेय डॉक्टर सुचेता शर्मा डॉ कल्पना कौशिक डॉ अंजू पटेल का विशेष सहयोग रहा।

# टोल बचाने के लिए गांव के रास्ते से गुजर रहे भारी वाहनों का ग्रामीणों ने किया विरोध, पुलिस ने काटे चालान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद/ टूंडला।

टोल टैक्स बचाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग छोड़कर बाघई (मदावली) गांव की अंदरूनी सड़कों से गुजर रहे व्यावसायिक व भारी वाहनों के खिलाफ बुधवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव के मुख्य मार्ग पर एकत्र हो गए और भारी वाहनों को रोककर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान करीब आधे घंटे तक वाहन चालकों और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।



ग्रामीणों का आरोप है कि टोल बचाने के उद्देश्य से दिन-रात ट्रक और अन्य व्यावसायिक वाहन गांव की सड़कों का इस्तेमाल कर रहे हैं। लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से गांव की पक्की सड़कें क्षतिग्रस्त होकर जगह-जगह गहरे गड्ढों में बदल गई हैं। इससे पैदल चलने वाले लोगों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी जताई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी बैजनाथ सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने गांव के रास्ते से गुजर रहे कई व्यावसायिक व भारी वाहनों के चालान किए। साथ ही वाहन चालकों को सख्त चेतावनी दी कि टोल टैक्स बचाने के लिए ग्रामीण मार्गों का उपयोग न करें और केवल राष्ट्रीय राजमार्ग से ही आवागमन करें। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव की सड़कों की मरम्मत और ऐसे वाहनों पर नियमित कार्रवाई की मांग की।

### ओवर स्पीड वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध करें कार्रवाई

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, **कासगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सड़क नियमों को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी दिग्विजय प्रताप सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ व्यापक रणनीति बनाकर कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में दुर्घटनाओं की संख्या अन्य जिलों की अपेक्षा न्यूनतम रखने के लिए पूरी गंभीरता और सतर्कता के साथ कार्य किया जाए तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स, जहाँ बार-बार सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं, पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। इन स्थानों पर पर्याप्त संख्या में साइन बोर्ड, जेब्रा क्रॉसिंग, रिफ्लेक्टर एवं अन्य आवश्यक सड़क सुरक्षा उपाय समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किए जाएँ।

# राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस को शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के तहत जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को जोड़ने के लिए शिक्षा विभाग ने तैयारियां तेज कर दी है। विद्यार्थियों का पंजीकरण बढ़ाने के उद्देश्य से विज्ञान शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण देकर पोर्टल पर ऑनलाइन नामांकन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

एनसीएससी के माध्यम से विज्ञान के क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा और नवाचार प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। चयनित विद्यार्थी सितंबर में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद उत्कृष्ट प्रोजेक्ट को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक रजनेश कुमार ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं विज्ञान शिक्षकों से निर्धारित समय सीमा के भीतर अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ. जयंत कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया और प्रोजेक्ट तैयार करने संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई है, ताकि अधिकाधिक विद्यार्थी इस राष्ट्रीय आयोजन का लाभ उठा सकें।

प्रशिक्षण विज्ञान क्लब के सह समन्वयक अभिषेक पांडे एवं नोडल समन्वयक राजकीय अनुभव पाठक आदि द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में जनपद भर के विद्यालयों के विज्ञान शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा में कोई कमी न रहे, सभी विभाग समन्वय से करें कार्यः जिलाधिकारी

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



आगामी सावन मास में कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने मैनपुरी-फरुर्खाबाद सीमा स्थित काली नदी पुल से बेवर, किशनी और रामनगर कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सड़क, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, साफ-सफाई तथा यातायात व्यवस्था का जायजा लेकर संबंधित विभागों को समयबद्ध ढंग से सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि फरुर्खाबाद के प्रसिद्ध पांचाल घाट से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगाजल लेकर मैनपुरी के विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक के लिए आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाएं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत, गड्ढे भरने और जलभराव की समस्या दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही मार्ग से अवरोध हटाने, झाड़ियों की कटाई और दोनों ओर साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान काली नदी पुल स्थित पुलिस चौकी का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने चौकी परिसर में इंटरलॉकिंग, हाईमास्ट लाइट लगाने तथा पर्याप्त विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चौकी को पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए ताकि पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने कांवड़ यात्रा के दौरान बेहतर यातायात प्रबंधन, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग और रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रमुख शिव मंदिरों और उनके संपर्क मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाने तथा कांवड़ मार्ग से अतिक्रमण हटाकर श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और बाधारहित आवागमन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# सावन शुरू होते ही शिवालयों में बढ़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भोलेनाथ की भक्ति में लीन हुए श्रद्धालु

ऋषीकान्त दुबे


ध्रुव यादव वंटी


यश प्रताप सिंह


संजीव यादव संजू


लाल जी दुबे


सुक्रेश यादव छबीले


हरिओम दुबे

**करहल।** भगवान शिव को समर्पित पवित्र सावन माह शुरू होते ही क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। सुबह से ही श्रद्धालु जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, भांग, आक के फूल एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। श्रद्धालु कांवड़ यात्रा निकालकर पवित्र नदियों से गंगाजल लाकर शिवलिंग का अभिषेक भी करेंगे। पूरे माह मंदिरों में भजन-कीर्तन, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप और धार्मिक आयोजनों का सिलसिला चलता रहेगा।

साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष ध्रुव यादव वंटी का कहना है कि "सावन का महीना भगवान शिव की आराधना का सबसे पावन समय होता है। इस माह श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा करने से मन को शांति और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।"

हरिओम दुबे का कहना है कि "सावन में महिलाएं व्रत रखकर परिवार की सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। शिव-पार्वती की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है।"

यश प्रताप सिंह वर्मा का कहना है कि "सावन में कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व है। श्रद्धालु गंगाजल लाकर भोले बाबा का जलाभिषेक करते हैं। यह आस्था और अनुशासन का प्रतीक है।"

सुक्रेश यादव छबीले का कहना है कि "सावन हमें भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़ता है। युवा भी बढ़-चढ़कर कांवड़ यात्रा और मंदिरों की सेवा में भाग लेते हैं।"

समाजसेवी लालजी दुबे का कहना है कि "सावन माह में भगवान शिव की पूजा, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय मंत्र का जाप और 'ॐ नमः शिवाय' का जप अत्यंत फलदायी माना गया है। इस माह की गई श्रद्धापूर्ण आराधना से भोलेनाथ भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।"

पूर्व प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि संजीव यादव संजू सावन माह के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में भक्ति का माहौल बन गया है। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है और श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना में जुट गए हैं।

# ईवीएम वेयरहाउस का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, सुरक्षा मानकों के कड़े पालन के निर्देश



टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा के साथ तहसील सदर स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि परिसर में कहीं भी विद्युत वायरिंग खुली न रहे तथा सभी अग्निशमन यंत्र पूरी तरह क्रियाशील अवस्था में उपलब्ध रहें। किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को वेयरहाउस की परिधि में प्रवेश न करने दिया जाए और परिसर के भीतर बीड़ी, सिगरेट, माचिस जैसी ज्वलनशील सामग्री लेकर आने पर पूरी तरह रोक रहे।

उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपनी-अपनी शिफ्ट में समय से उपस्थित होकर नियमित रूप से पूरे परिसर की निगरानी करें। साथ ही सभी सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे चालू रखें और उनकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रूप से संरक्षित की जाए। वेयरहाउस परिसर की नियमित सफाई, लॉगबुक एवं पंजिका को अद्यतन रखने के भी निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय से अविनाश सक्सेना, सुनील मिश्रा और अजय अम्बेश सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही पर डीएम सख्त, लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने गुरुवार को विकास खंड किशनी की ग्राम पंचायत समान और चितायन में संचालित फार्मर रजिस्ट्री अभियान का निरीक्षण किया। ग्राम समान में अभियान की बेहद खराब प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने लेखपाल संदीप यादव को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर कार्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ तो प्रतिकूल प्रविष्टि वापस लेने पर विचार किया जाएगा।

निरीक्षण में पाया गया कि ग्राम समान में 1500 किसानों के सापेक्ष केवल 350 किसानों की ही फार्मर रजिस्ट्री हुई है, जबकि चितायन में लगभग 2400 किसानों का पंजीकरण अभी शेष है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले इस अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने उपजिलाधिकारियों और कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रतिदिन समीक्षा करने तथा कम प्रगति वाले गांवों में स्वयं पहुंचकर अभियान तेज कराने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम प्रधान, लेखपाल, पंचायत सहायक, कोटेदार और रोजगार सेवकों की मौजूदगी में ग्राम सचिवालयों पर शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि ग्राम समान के तीन में से दो लेखपाल तहसील के कंप्यूटर कक्ष से संबद्ध हैं। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए दोनों को तत्काल मूल हलकों में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समयबद्ध रूप से सभी पात्र किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी कराई जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम किशनी नवनीता राय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# करहल में सड़क का गड्ढा दे रहा मौत को दावत, स्थानीय लोगों ने की तत्काल मरम्मत की मांग

टीएनएफ टुडे, करहल।



नगर के जैन इंटर कॉलेज के सामने मुख्य सड़क पर बना गहरा गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन गया है। इटावा से मैनपुरी की ओर जाने वाले व्यस्त मार्ग पर स्थित यह गड्ढा लंबे समय से लोगों की परेशानी का कारण बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन से शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। विशेष रूप से भारी वाहन, स्कूल बसें, एंबुलेंस और दोपहिया वाहन चालक इस गड्ढे के कारण सबसे अधिक जोखिम उठाते हैं। बारिश के दौरान गड्ढे में पानी भर जाने से इसकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जैन इंटर कॉलेज के सामने होने के कारण छात्र-छात्राओं और अभिभावकों की भी लगातार आवाजाही रहती है। ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों का आरोप है कि कई बार अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराकर गड्ढे को भरवाया जाए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। उनका कहना है कि किसी अप्रिय घटना के बाद कार्रवाई करने से बेहतर है कि पहले ही आवश्यक कदम उठाए जाएं।

स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे संबंधित विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। नागरिकों का कहना है कि सड़कों की समय पर मरम्मत प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस प्रकार की लापरवाही आम लोगों की जान जोखिम में डाल रही है।

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से अपील की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सड़क की मरम्मत कराई जाए, जिससे इटावा-मैनपुरी मार्ग पर सुरक्षित और सुगम यातायात सुनिश्चित हो सके।

# मिड डे मील बनाते समय गैस सिलेंडर में लगी आग, तीन रसोइया महिलाएं झुलसीं

टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।

करहल क्षेत्र के गांव नानमई स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार सुबह मिड डे मील तैयार करते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से तीन रसोइया महिलाएं झुलस गईं। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रधानाध्यापिका, स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों की सूझबूझ से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घायल महिलाओं को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) करहल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 10 बजे गांव नानमई स्थित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के लिए मिड डे मील तैयार किया जा रहा था। रसोइया सुनीता, सुदामा देवी और निर्मला देवी रसोईघर में गैस चूल्हे पर भोजन बना रही थीं। इसी दौरान अचानक गैस पाइप में लीकेज होने से सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप लेना शुरू कर दिया, जिससे रसोईघर में मौजूद तीनों महिलाएं उसकी चपेट में आ गईं और झुलस गईं।

आग लगते ही विद्यालय में मौजूद बच्चों और शिक्षकों में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण तत्काल विद्यालय पहुंचे। प्रधानाध्यापिका नीलम जैन और ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए स्थानीय संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाया। यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

घटना के तुरंत बाद तीनों घायल रसोइया महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करहल भेजा गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और विद्यालय स्टाफ तथा ग्रामीणों से हादसे की जानकारी जुटाई। प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूलों में उपयोग होने वाले गैस सिलेंडर, रेगुलेटर और पाइप की नियमित जांच होनी चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उनका कहना है कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए रसोईघरों में अग्निशमन यंत्र और अन्य सुरक्षा उपकरण भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

इस घटना ने एक बार फिर विद्यालयों में गैस सुरक्षा व्यवस्था और नियमित निरीक्षण पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सभी की नजर प्रशासनिक जांच पर है कि आग लगने का वास्तविक कारण क्या था और यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी।

# गुरु पूर्णिमा पर खाटू श्याम जागरण में भक्ति की बही सरिता, विशाल भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

टीएनएफ टुडे, करहल।



गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर के गढ़िया चौराहे के निकट खाटू श्याम बाबा के भव्य जागरण, जाहरवीर बाबा की ज्योति एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। देर रात तक चले इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भजनों का आनंद लिया और बाबा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान के साथ खाटू श्याम बाबा एवं जाहरवीर बाबा की पूजा-अर्चना और ज्योति प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद भजन संध्या का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया।

भजन गायक वंशी वर्मा, दीक्षा शर्मा और भोला वर्मा ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए। उन्होंने "बोलो-बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय", "तू लगे दूल्हा दिलदार सांवरे", "साथी हमारा कौन बनेगा", "राम-राम रटियो रे", "कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा एक काम", "मेरी बिगड़ी बनाने वाला मेरा श्याम सांवरा", "मुझे बेटा कहकर बुलाना पड़ेगा" तथा "वीर हनुमाना" जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे और पूरे पंडाल में बाबा श्याम के जयकारे गूंजते रहे।

जागरण के साथ ही जाहरवीर बाबा की ज्योति का भी विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रत्येक वर्ष इस प्रकार का धार्मिक आयोजन किया जाता है, जिसका उद्देश्य समाज में धार्मिक आस्था, भाईचारा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर इंद्रपाल शर्मा, आढ़तिया अखिलेश यादव, वंटी शर्मा, गौरव शर्मा, सौरभ शर्मा, विवेक शर्मा, शीलू शर्मा, रामब्रेश यादव, नीटू शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## शिकोहाबाद आईटीआई में आज भव्य रोजगार व शिक्षुता मेला, इंटरव्यू के जरिए मिलेगा रोजगार

**फिरोजाबाद/शिकोहाबाद।** आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, स्वामी नगर, स्टेशन रोड, शिकोहाबाद में शुक्रवार 31 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक विशाल रोजगार एवं शिक्षुता मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले का आयोजन शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। इसमें प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था अगम सेवा फाउंडेशन के माध्यम से रिलायंस, सेक्टर-62 नोएडा की टीम कैंपस चयन के लिए पहुंचेगी। कंपनी द्वारा आईटीआई पास अभ्यर्थियों का वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए चयन किया जाएगा। प्रधानाचार्य एवं जिला समन्वयक राजकीय आईटीआई फिरोजाबाद ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से समय पर पहुंचने की अपील की है। अभ्यर्थियों को अपना रिज्यूम, शैक्षिक एवं तकनीकी प्रमाणपत्र, इंटरमीडिएट व आईटीआई के मूल दस्तावेज एवं उनकी छायाप्रतियां, आधार या अन्य पहचान पत्र तथा पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाने होंगे।

# करहल में माटीकला बोर्ड स्थापना पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर आयोजित

टीएनएफ टुडे, करहल।

उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के गठन के 9वें स्थापना दिवस के अवसर पर "माटीकला बोर्ड स्थापना पखवाड़ा" के तहत गुरुवार को विकासखंड एवं तहसील करहल के ग्राम भटोहा में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख जागीर मनेश सिंह चौहान ने कुम्भकार एवं प्रजापति समाज के उपस्थित नवयुवक-नवयुवतियों को माटीकला बोर्ड की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करते हुए स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

मुख्य वक्ता जिला ग्रामोद्योग अधिकारी पवन यादव ने मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण योजना तथा टूलकिट वितरण योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य पारंपरिक माटीकला व्यवसाय को बढ़ावा देना और कारीगरों को आधुनिक संसाधनों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना है।

शिविर में उपस्थित युवाओं को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद तोमर, प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन सिंह तोमर, शिवराम सिंह चौहान, जिला सेवायोजन कार्यालय से रवीश मिश्रा, माटीकला विशेषज्ञ सर्वेश प्रजापति, वरिष्ठ सहायक अवनीश कुमार, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में कुम्भकार एवं प्रजापति समाज के लोग उपस्थित रहे।

# मत्स्य विभाग की योजनाओं के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 5 अगस्त तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न राज्य सेक्टर की योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक लोगों के लिए राहत भरी खबर है। सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभागीय योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 5 अगस्त 2026 कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि जिन योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, उनमें मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम स्थापना योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत मोपेड विद आइस बॉक्स परियोजना, माता सुकेता महिला मत्स्य पालक सशक्तिकरण परियोजना, केज स्थापना योजना, अंतर्देशीय खारे जल क्षेत्रों में नए तालाब निर्माण एवं प्रथम वर्ष निवेश योजना, मोती संवर्धन योजना तथा विशिष्ट प्रजाति की मत्स्य हैचरी स्थापना योजना शामिल हैं।

सहायक निदेशक ने बताया कि प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग ऑनलाइन आवेदन करना होगा। योजनाओं का विस्तृत विवरण, इकाई लागत, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक अभिलेख विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। यदि भविष्य में किसी योजना में संशोधन किया जाता है तो संशोधित प्रावधान ही लागू होंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व वर्षों में जिन आवेदनों को निरस्त किया गया था या जो प्रतीक्षारत थे, ऐसे आवेदक भी दोबारा आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्यदिवस में सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय, विकास भवन से संपर्क कर सकते हैं।

# शासकीय कार्य विक्रय प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं दक्षता के लिए आयोजित हुई एक दिवसीय जेम कार्यशाला

## सभी विभागाध्यक्ष जीईएम पोर्टल के माध्यम से ही नियमानुसार करें क्रय-विक्रय : जिलाधिकारी अरविन्द सिंह

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।



आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरविन्द सिंह की अध्यक्षता में शासकीय विभागों में क्रय-विक्रय की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुगम एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय जेम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनपद के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों, लेखाकारों एवं संबंधित अधिकारियों को जेम पोर्टल के संचालन एवं सरकारी खरीद की संपूर्ण प्रक्रिया का तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यशाला में दिल्ली से आए मुख्य प्रशिक्षक विवेक मौर्य द्वारा जेम पोर्टल पर पंजीकरण, उत्पाद चयन, निविदा, खरीद, भुगतान सहित संपूर्ण प्रक्रिया को चरणबद्ध (स्टेप-बाय-स्टेप) तरीके से समझाया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में प्रारंभ किए गए जेम पोर्टल का उद्देश्य सरकारी खरीद प्रणाली को पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी, दक्ष एवं पूर्णतः डिजिटल बनाना है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने कहा कि जेम पोर्टल के माध्यम से शासकीय खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। यह पोर्टल सभी विक्रेताओं को समान अवसर प्रदान करता है तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (टरटए) को भी सरकारी खरीद में प्रतिस्पर्धा का अवसर उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धा के कारण विभागों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री उचित एवं प्रतिस्पर्धी दरों पर प्राप्त होती है।

जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शासन के प्रावधानों के अनुरूप शासकीय क्रय-विक्रय की समस्त कार्यवाही जेम पोर्टल के माध्यम से ही नियमानुसार सुनिश्चित की जाए, जिससे सरकारी धन का प्रभावी एवं पारदर्शी उपयोग हो सके।

कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संगम लाल, परियोजना निदेशक सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, उपनिदेशक कृषि सुमित कुमार, महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र अर्चना कुमारी सहित जनपद के समस्त विभागाध्यक्ष, लेखाकार एवं संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# गंदे पानी में बर्तन धोते दिखे स्कूली बच्चे

## वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

जनपद के अरांव क्षेत्र स्थित कंपोजिट विद्यालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में विद्यालय के कुछ बच्चे गंदे और जमा हुए पानी में मध्याह्न भोजन के बर्तन धोते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद विद्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था, बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

बताया जा रहा है कि वीडियो वायरल होने के बाद मामला शिक्षा विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में पहुंच गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बच्चों से इस तरह अस्वच्छ वातावरण में बर्तन धुलवाए जा रहे हैं, तो इससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही विद्यालय में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर भी गंभीर लापरवाही सामने आती है मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने कहा कि वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की जांच का इंतजार है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि वायरल वीडियो किन परिस्थितियों में बनाया गया और इसके लिए जिम्मेदार कौन है।

# अलीगंज ब्लॉक में करोड़ों के भ्रष्टाचार की लोकायुक्त जांच

## हाथरस सीडीओ ने गांव-गांव पहुंचकर खंगाला विकास कार्यों का ब्यौरा

- ब्लॉक प्रमुख समेत अधिकारियों पर गबन के आरोपों की पड़ताल
- सड़क, नाला, शौचालय, मनरेगा भवन और सभागार का किया स्थलीय सत्यापन, हर जगह मिलीं खामियां

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

अलीगंज विकास खंड में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए कथित करोड़ों रुपये के विकास कार्य अब लोकायुक्त की जांच के दायरे में आ गए हैं। लोकायुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर हाथरस के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) पी.एन. दीक्षित ने मंगलवार को अलीगंज ब्लॉक क्षेत्र के कई गांवों और ब्लॉक परिसर का गहन निरीक्षण कर विकास कार्यों की हकीकत परखी। जांच के दौरान सड़क, नाला, नाली, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, मनरेगा कार्यालय, टीन शेड, सभागार और ब्लॉक प्रमुख के कार्यकाल में कराए गए निर्माण कार्यों का स्थलीय सत्यापन किया गया।

लोकायुक्त के समक्ष अलीगंज निवासी रामगोपाल सिंह शाक्य ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2021-22 से 2025-26 के बीच क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं हुईं। शिकायत में क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष, तत्कालीन एवं वर्तमान खंड विकास अधिकारियों, अवर अभियंता और अन्य संबंधित अधिकारियों पर मिलीभगत कर सरकारी धन के दुरुपयोग, फर्जी भुगतान और मानकों के विपरीत निर्माण कराने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

### लोकायुक्त को भेजी जाएगी विस्तृत रिपोर्ट

सूत्रों के अनुसार, निरीक्षण के दौरान एकत्र किए गए तथ्यों, दस्तावेजों और स्थलीय जांच के आधार पर सीडीओ पी.एन. दीक्षित अपनी विस्तृत रिपोर्ट लोकायुक्त, उत्तर प्रदेश को सौंपेंगे। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई और आरोपों की सत्यता का परीक्षण किया जाएगा।

### शिकायत में लगाए गए हैं गंभीर आरोप

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि कई विकास कार्य बिना मानकों के कराए गए, कुछ स्थानों पर कार्य कराए बिना ही भुगतान कर दिया गया, जबकि कहीं सरकारी निर्माण सामग्री के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं के जरिए सरकारी धन का नुकसान पहुंचाया गया।

हालांकि, यह सभी आरोप शिकायत का हिस्सा हैं। इनकी पुष्टि अभी जांच प्रक्रिया के अधीन है। अंतिम निष्कर्ष लोकायुक्त के समक्ष प्रस्तुत जांच रिपोर्ट और सक्षम प्राधिकारी के निर्णय के बाद ही सामने आएगा।

### गांवों में पहुंची जांच टीम, मौके पर परखी निर्माण की गुणवत्ता

लोकायुक्त के निर्देश पर पहुंचे सीडीओ पी.एन. दीक्षित ने नयागांव सहित कई ग्राम पंचायतों का दौरा कर निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने मौके पर जाकर नालों, नालियों, सीसी सड़क, शौचालय, पेयजल व्यवस्थाओं और अन्य विकास कार्यों की गुणवत्ता देखी। इसके साथ ही ब्लॉक परिसर में बने सभागार, टीन शेड, मनरेगा कार्यालय और अन्य भवनों का भी भौतिक सत्यापन किया गया।

### कई स्थानों पर टूटी मिलीं नालियां, गुणवत्ता पर उठे सवाल

निरीक्षण के दौरान कई गांवों में नालियां क्षतिग्रस्त और टूटी हुई मिलीं। जांच अधिकारी ने निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक बिंदुओं को दर्ज किया। टीम ने संबंधित अभिलेखों का भी परीक्षण किया, ताकि मौके की स्थिति और रिकॉर्ड का मिलान किया जा सके।

# गुरु पूर्णिमा पर सांकरा गंगा घाट पर उमड़े श्रद्धालु

**अलीगढ़।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को सांकरा गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तड़के सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग गंगा स्नान के लिए घाट पर पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपने गुरुजनों का स्मरण करते हुए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। आपदा मित्रों ने लगातार श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान करने के लिए जागरूक किया और उन्हें गहरे पानी में जाने से रोका। प्रशासन और पुलिस की सतर्कता के कारण पूरे दिन स्नान और पूजा-अर्चना का कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# बाढ़ सुरक्षा प्रबंधों का अधीक्षण अभियंता ने किया निरीक्षण

- तटबंधों का स्थलीय निरीक्षण कर अधीनस्थों को दीये निर्देश संवेदनशील एवं अति
- संवेदनशील स्थलों को चिन्हित करने को कहा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



जिले में गंगा नदी के घटते बढ़ते जल स्तर एवं किसी भी विषम परिस्थिति की संभावना के चलते सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता ने जिले में बाढ़ नियंत्रण के प्रबंधों के स्थलीय निरीक्षण किया तट बंधों की स्थिति देखी, अधीनस्थों को किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रहने को कहा।

अधीक्षण अभियंता जितेंद्र अग्रवाल विभागीय अधिकारियों की टीम के साथ जिले में स्थित तटबंध एवं बाढ़ सुरक्षा हेतु निर्मित परियोजनाओ की सक्रियता का स्थलीय निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधीनस्थों से कहा कि गंगा में पानी की स्थिति पर नजर रखी जाए, सभी बाढ़ चौकियों को सक्रिय रखा जाए कर्मचारी अलर्ट रहे लापरवाही बिल्कुल न बरते, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर ले जिससे किसी भी विषम परिस्थिति में वहां काम किया जा सके। उन्होंने सिंचाई खंड कासगंज के अधिशासी अभियंता शरद सौरभ गिरी को समय समय पर स्वयं गंगा के जल स्तर का निरीक्षण करते रहने को कहा। इस मौके पर श पंकज कश्यप जितेंद्र कुमार सहायक अभियन्ता सिंचाई खंड कासगंज साथ में उपस्थित रहे।

# अनुकरणीय है प्रभु श्री राम का चरित्रः रजनी कांत

- श्री रामलीला कमेटी के कार्यालय का हुआ उदघाटन
- विधि विधान पूर्वक की गई पूजा अर्चना, एमएलसी ने कटा फीता

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।




एमएलसी रजनी कांत माहेश्वरी ने कहा कि भगवान श्री राम का चरित्र एवं आदर्श अनुकरणीय हैं, प्रत्येक व्यक्ति को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। श्री महेश्वरी पक्की गली स्थित बिरला कल्याण भवन में श्री राम लीला कमेटी के कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन कर रहे थे।

उद्घाटन के मौके पर उन्होंने श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कहा कि प्रभु की लीलाओं का मंचन अच्छा होगा। एस अवसर पर पुरोहित ओम पाठक ने विधि विधान पूर्वक पूजन कराया श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी। भगवान श्री राम की जय जय कार से वातावरण गुंजायमान हुआ। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गोपाल मराठा एवं महामंत्री अरविंद वार्ष्णेय ने कार्यक्रम में पधारे सभी राम भक्तों का आभार व्यक्त किया। धार्मिक अनुष्ठान के समापन पर प्रसाद वितरित किया गया। अखिलेश अग्रवाल,संजीव पलटानी, अम्बरीश वशिष्ठ,मोनू माहेश्वरी, सुनील कावरा, नीरज गुप्ता, विनीत अग्रवाल, शिव कुमार भारद्वाज, कृष्ण मुरारी दारगढ़, प्रदीप कावरा, सत्य नारायण बिड़ला, तरुण बिड़ला,विवेक धूपड, अमित गुप्ता, ध्रुव माहेश्वरी, विजेंद्र सिंह राजपूत, अनुपम मिश्रा, वरुण माहेश्वरी, संजय बोहरे, जितेंद्र वार्ष्णेय, दीपक गुप्ता, विनोद कुशवाह, दीपक चेयरमैन, राकेश बिड़ला एडवोकेट, सहित बड़ी संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।




# धरा के आभूषण होती है वृक्षः गोपाल माहेश्वरी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

मुख अतिथि गोपाल माहेश्वरी ने पेड़ों की महत्वता पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि पेड़ धरा का आभूषण ही नहीं होते वरन जीवन दायनी भी होते हैं, पेड़ों से जीवन दायनी ऑक्सीजन मिलती है पेड़ो के रोपण के साथ इनका पोषण भी जरूरी है।

इस मौके पर अगूंर ,जामुन, अनार, आम, अजींर, अमरूद आदि कै पोधे लगाये गये ।राजकुमार जाखेटिया,अध्यक्ष सुरेश मूना, मत्री अरविंद कावरा ने भी विचार व्यक्त किए मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे सुरेश मूना, अरविंद कावरा, मनोज भूतडा, राजकुमार जाखेटिया, घनश्याम मूना, महेन्द्र चाडक्य, किसन शकची, सजीव गगन, अजय राठी, सुरेन्द्र माहेश्वरी, राकेश माहेश्वरी, अनिल माहेश्वरी,कमल चाडक्य, सजीव पल्तानी,कृष्ण कुमार माहेश्वरी , मनोज कुमार संजय महेश्वरीचांडक, मनोज भूतड़ा, विनय राज महेश्वरी आदि उपस्थित रहे!

# फर्जी डिग्री अवैध हॉस्पिटस के संचालन पर मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

## ऑनलाइन मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाद हुई जांच, हॉस्पिटल सील किए गए

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, सिकंद्राराऊ।

कोतवाली में फर्जी डिग्री अवैध अस्पताल संचालन और धोखाधड़ी समेत कई गंभीर आरोपों में बुधवार को कुछ डॉक्टरों और उनके सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

नई दिल्ली निवासी मोहम्मद साजिद ने ऑनलाइन मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत में डॉ. सुकुमार यादव, डॉ. अनीता सिंह यादव, इकबाल मियां, सदफ, वसीफ और उनके तीन अन्य सहयोगियों पर फर्जी एमबीबीएस /एमएस डिग्री, फर्जी यूपीएमसी पंजीकरण, अवैध अस्पताल व अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाने का आरोप लगाया था। शिकायत में फर्जी मेडिकल और गर्भपात रिपोर्ट तैयार करने फर्जी डॉक्टरी सर्टिफिकेट का उपयोग कर लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने और धन उगाही करने जैसे आरोप भी शामिल थे। शिकायत केवल श्री कृष्णा हॉस्पिटल और सिटी हॉस्पिटल तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसमें अभियुक्तों द्वारा विभिन्न जनपदों में संचालित अवैध अस्पतालों, फर्जी चिकित्सीय दस्तावेजों और आपराधिक षड्यंत्रों का भी उल्लेख था।

इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ द्वारा जांच कराई गई। जांच के बाद संबंधित अस्पतालों के पंजीकरण रद्द कर उन्हें सील कर दिया गया। डॉ. सुकुमार यादव और डॉ. अनीता सिंह यादव के यूपीएमसी पंजीकरण में गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि भी हुई। सीएमओ ने कोतवाली प्रभारी शिवकुमार शर्मा को अभियुक्तों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया और संबंधित अभिलेख भी भेजे। शिकायतकर्ता मोहम्मद साजिद ने स्पष्ट किया है कि सीएमओ की जांच और उनका पत्र उनकी मूल ऑनलाइन मुख्यमंत्री पोर्टल शिकायत पर की गई जांच का परिणाम है, न कि कोई स्वतंत्र या नई शिकायत। इसलिए, एफआईआर का आधार उनकी ऑनलाइन शिकायत को ही बनाया जाना चाहिए।

साजिद ने तर्क दिया कि सीएमओ का अधिकार क्षेत्र अस्पतालों और चिकित्सकों की वैधता तक सीमित है, जबकि फर्जी मेडिकल रिपोर्ट तैयार करना उनका आपराधिक उपयोग, झूठे मुकदमों में फंसाना, धन उगाही आपराधिक षड्यंत्र और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच जैसे संज्ञेय अपराधों की विवेचना पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आती है।

उन्होंने ऑनलाइन मुख्यमंत्री पोर्टल शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, बैंक लेन-देन, अस्पतालों के अभिलेखों, संबंधित विश्वविद्यालयों और उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल से आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




### गुरु पूर्णिमा पर श्री नारायण आश्रम में हुआ गुरु पूजन

**टीएनएफ टुडे, सिढ़पुरा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री नारायण आश्रम अमांपुर मार्ग रायपुर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। आश्रम में हवन-पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ गुरु पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सम्बद्ध अनन्त श्री विभूषित ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य श्री दास देवानन्द सरस्वती जी महाराज, ज्योतिर्मठ बद्रिकाश्रम हिमालय एवं श्री 108 दण्डी स्वामी गोविन्दानन्द सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने गुरु पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आश्रम पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम परिसर में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा। इस दौरान श्रद्धालु गौरव पाण्डेय, नवीन तिवारी, उमेश श्रोत्रिय, दुर्लभ मिश्रा, विकास पाण्डेय, ध्रुव प्रकाश गुप्ता, सुशील, आलोक मिश्रा, मनोज गुप्ता बाबा, पवन गुप्ता, सुमित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### बाल श्रम उन्मूलन अभियानः औद्योगिक क्षेत्र से सात बच्चे कराए गए मुक्त



**फिरोजाबाद।** जनपद में बाल श्रम के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटी) पुलिस और श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए औद्योगिक क्षेत्र से सात बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया। कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं एएचटी के नोडल अधिकारी के निकट पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस के अनुसार, पूर्व में की गई रेकी और सुरागरसी के आधार पर थाना दक्षिण क्षेत्र के औद्योगिक इलाके में बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जहां से कुल सात बच्चों को बाल श्रम कराते हुए पाए जाने पर रेस्क्यू किया गया। मौके पर मौजूद श्रम प्रवर्तन अधिकारियों ने संबंधित प्रावधानों के तहत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की। इसके बाद बच्चों के परिजनों को भविष्य में बच्चों से मजदूरी न कराने की सख्त चेतावनी देते हुए उन्हें उनके सुपुर्द कर दिया गया। रेस्क्यू अभियान में थाना एएचटी प्रभारी निरीक्षक विपिन कुमार, उपनिरीक्षक सोबरन सिंह, महिला आरक्षी प्रिया, श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनीत त्रिपाठी तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनीष सिंह शामिल रहे। पुलिस और श्रम विभाग ने कहा कि बाल श्रम के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### मनमर्जी से बसा दी कॉलोनी! न RERA पंजीकरण, न स्वीकृत लेआउट, फिर भी धड़ल्ले से बिक रहे 137 प्लॉट



**फिरोजाबाद।** शहर के नेपई सांती रोड स्थित श्री कृष्णा ग्रीन सिटी कॉलोनी में कथित रूप से नियमों को दरकिनार कर प्लॉटों की बिक्री किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कॉलोनी में न तो RERA का पंजीकरण दिखाया जा रहा है और न ही फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण से स्वीकृत लेआउट उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके बावजूद लगभग 137 प्लॉटों की बिक्री जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस परियोजना के विरुद्ध फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण पहले ही कार्रवाई कर चुका है, लेकिन इसके बाद भी प्लॉट बेचने का कार्य नहीं रुका। इससे खरीदारों में चिंता का माहौल है कि कहीं उनकी जीवनभर की खून-पसीने की कमाई विवादों में न फंस जाए। जानकारी के अनुसार, कॉलोनी में कई लोगों ने प्लॉट खरीदकर मकान भी बना लिए हैं। यदि भविष्य में कॉलोनी की वैधता पर सवाल उठते हैं या प्रशासन की ओर से कोई कठोर कार्रवाई होती है, तो सबसे अधिक नुकसान उन्हीं परिवारों को उठाना पड़ सकता है जिन्होंने अपनी जमा-पूंजी लगाकर आशियाना बनाया है। क्षेत्र का निरीक्षण करने पर यह भी सामने आया कि पानी निकासी की कोई प्रभावी व्यवस्था दिखाई नहीं देती। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या भविष्य में गंभीर रूप ले सकती है। नगर नियोजन के मानकों के अनुसार विकसित कॉलोनियों में सड़क, नाली, जल निकासी तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था आवश्यक मानी जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि कॉलोनी के पास सभी आवश्यक स्वीकृतियां हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए, ताकि खरीदारों को वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके। वहीं यदि आवश्यक अनुमतियों के बिना प्लॉटिंग की जा रही है तो संबंधित विभागों को निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

### पेड़ पर लटका मिला अज्ञात युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**फिरोजाबाद।** थाना बसई मोहम्मदपुर क्षेत्र के गांव गाजीपुर में शुक्रवार सुबह एक खेत में पेड़ पर अज्ञात व्यक्ति का शव लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह खेतों की ओर काम के लिए निकले ग्रामीणों ने शव को पेड़ से लटका देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को नीचे उतरवाया। पुलिस को मृतक के पास से नोकिया कंपनी का एक मोबाइल फोन, एक विजिटिंग कार्ड तथा धूम्रपान से संबंधित कुछ सामान मिला है। हालांकि मृतक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और मोबाइल व विजिटिंग कार्ड के आधार पर शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच में जुटी है।

### नबालिग छात्र घर से लापता, परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**अलीगढ़।** अकराबाद थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव से एक नाबालिग छात्र लापता हो गया है। बुधवार को छात्र के परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। कल्यानपुर निवासी 14 वर्षीय ललित कुमार, जो कक्षा 8 का छात्र है, मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे अपने घर से लापता हो गया। ललित राजवीर सिंह का पुत्र है। परिवार के सदस्यों ने पहले छात्र को आस-पड़ोस और रिश्तेदारों के यहां तलाश किया। जब ललित का कोई सुराग नहीं मिला, तो उसके पिता राजवीर सिंह ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने राजवीर सिंह की तहरीर पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

### गुरु पूर्णिमा पर विशाल भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किय

**अलीगढ़।** जट्टारी के हेतलपुर स्थित नरसिंह दास बाबा मंदिर में गुरु पूर्णिमा और देवशयनी एकादशी के अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। संत श्री उमेशानंद महाराज के सान्निध्य में हुए इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में दूर-दराज के गांवों से आए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और गुरु पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर संत उमेशानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को गुरु पूर्णिमा और एकादशी पर्व का महत्व समझाया। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि गुरु ही मनुष्य के जीवन को सही दिशा देने वाले सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। महाराज ने सभी से धर्म, सत्य, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भाग लिया और गुरु महाराज के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को मालपुआ, खीर, सब्जी और रायता सहित विभिन्न व्यंजनों का प्रसाद वितरित किया गया। सभी भक्तों ने अनुशासित ढंग से प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के सफल संचालन में भोला मुनीम, बड़े भगवान, विष्णु, शिव कुमार, मूला, रवि, लक्ष्मण, शिवम, चंद्रवीर, लकी, निशु शर्मा, राहुल, गगन, नमन, गैलेक्सी, राहुल मलिक, सौरभ, हिमांशु शर्मा, दीपेश, रोदास, भोला सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सेवा दी।

# रहाणे ने क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारत के अनुभवी बल्लेबाज और 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टीम इंडिया को ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले अजिंक्य रहाणे ने गुरुवार (30 जुलाई) को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी। वह अब इंडियन प्रीमियर लीग में भी खेलते नहीं दिखाई देंगे। पिछले सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान थे। रहाणे ने साफ कहा कि वो क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले रहे हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया और संन्यास का एलान किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर इस बात की जानकारी दी। इस दौरान वह काफी भावुक भी हो गए। उनका गला भर आया और वह रुआंसा थे। भारी आवाज में रहाणे ने बीसीसीआई, साथी क्रिकेटर, वाइफ और फैंस का शुक्रिया अदा किया।

वीडियो के साथ कैप्शन में रहाणे ने लिखा, 'कैप 278 अब विदा ले रहा है। इतने सालों तक मिले प्यार और सहयोग के लिए धन्यवाद। हमेशा आभारी रहूंगा।' रहाणे ने 31 अगस्त 2011 को इंग्लैंड के खिलाफ इंटरनेशनल (T20I) डेब्यू किया था।

### 3 साल से बाहर चल रहे थे

रहाणे लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे थे। उन्होंने आखिरी इंटरनेशनल मैच 2023 में खेला था। वह जुलाई, 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट खेलते नजर आए थे। वहीं उन्होंने आखिरी वनडे 2018 और आखिरी टी20 इंटरनेशनल 2016 में खेला था।




### 6 टेस्ट में कप्तानी की

रहाणे ने अपने करियर में 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले। टेस्ट की 144 पारियों में रहाणे ने 38.46 की औसत और 49.50 के स्ट्राइक रेट से 5077 रन बनाए। इस प्रारूप में उन्होंने 26 अर्धशतक के साथ ही 12 शतक भी लगाए। उनका बेस्?ट स्कोर 188 रन है। रहाणे ने 6 टेस्ट में भारतीय टीम की कप्तानी भी की। उनकी कप्तानी में भारत को 4 टेस्ट में जीत मिली। साथ ही 2 मैच ड्रॉ रहे।

### रहाणे ने कहा- हर शुरूआत का एक अंत होता है

- संन्यास का एलान करते हुए रहाणे ने कहा, 'जिंदगी की सच्चाई यही है कि हर चीज की शुरूआत होती है और हर चीज का अंत भी होता है। जब वह समय आता है तो उसका सम्मान करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। बल्लेबाजी में मैंने हमेशा सही टाइमिंग पर भरोसा किया है और आज मुझे लगता है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के लिए यही सही समय है।'
- रहाणे ने अपने शुरूआती संघर्षों को याद करते हुए कहा, 'डोंबिवली से एक छोटे लड़के के रूप में सिर्फ अभ्यास करने के लिए सफर शुरू किया था। हर दिन, हर पारी और बल्लेबाजी का हर मौका मेरे लिए भारत की कैप पहनने के सपने से जुड़ा था। मैंने हमेशा एक ही नियम अपनाया, अपने देश और टीम को खुद से ऊपर रखा।'
- उन्होंने आगे कहा, 'मैंने हमेशा पूरी ईमानदारी से क्रिकेट खेला। मेरा मानना रहा कि अगर आपकी नीयत सही है तो खेल आपका साथ जरूर देता है। भारतीय क्रिकेटर के रूप में मेरा अध्याय भले खत्म हो रहा है, लेकिन क्रिकेट के साथ मेरा रिश्ता कभी खत्म नहीं होगा।'
- वीडियो में रहाणे अपने परिवार और प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा, 'अब मैं अगली पीढ़ी की मदद करना चाहता हूं, इस खेल से सीखे गए मूल्यों को साझा करना चाहता हूं और क्रिकेट को कुछ लौटाना चाहता हूं। मुंबई से भारत के लिए खेलने तक का सफर मेरे लिए सम्मान की बात है। जीत और हार दोनों देखीं, लेकिन क्रिकेट खेलने का आनंद और उससे जुड़ी यादें मेरे करियर की सबसे बड़ी कमाई हैं।'
- अंत में उन्होंने कहा, 'अजिंक्य का मतलब होता है 'अजेय', लेकिन क्रिकेट ने मुझे कई बार हार दिखाई। एक क्रिकेटर के तौर पर असफलताएं भी मिलीं, टीम भी हारी और मुझसे भी गलतियां हुईं। लेकिन एक जगह मैं कभी नहीं हारा और वह आपके दिल थे। आपके प्यार, भरोसे और समर्थन के लिए धन्यवाद। कैप नंबर 278... अब यहीं तक।'

### वनडे में रहाणे का प्रदर्शन

वनडे की 87 पारियों में बल्लेबाज ने 35.26 की औसत और 78.63 की स्ट्राइक रेट से 2962 रन बनाए। एकदिवसीय क्रिकेट में उन्होंने 24 फिफ्टी और 3 सेंचुरी जड़ीं। वहीं 20 टी20 इंटरनेशनल में रहाणे ने 113.29 की स्ट्राइक रेट से 375 रन बनाए। रहाणे ने तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम का नेतृत्व किया। रहाणे ने तीन वनडे मैचों में भारत की कमान संभाली और सभी मैच जीते। टी20 इंटरनेशनल में रहाणे ने 2 मुकाबलों में टीम की अगुवाई की। इस दौरान भारत ने 1 मैच जीता और 1 में हार झेलनी पड़ी।

# भारतीय हॉकी टीम की जर्सी का रंग बदलने पर रार

## परगट सिंह ने उठाए सवाल, धनराज पिल्लै बोले- नीली जर्सी है पहचान

एजेंसी, नई दिल्ली।



विश्व कप से पहले भारतीय हॉकी टीमों की जर्सी का रंग नीले से बदलकर केसरिया करने पर भड़के पूर्व कप्तान परगट सिंह ने सवाल दागा कि देश में हर चीज की भगवा ब्रांडिंग क्यो हो रही है। वहीं, धनराज पिल्लै का कहना है कि राष्ट्रीय टीम की पहचान नीली जर्सी रही है, यह कोई फ्रेंचाइजी हॉकी नहीं है। नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 अगस्त से शुरू हो रहे विश्व कप से पहले भारतीय महिला और पुरुष टीमों की जर्सी का रंग बदले जाने को लेकर काफी विवाद हो गया है।


### हॉकी इंडिया ने दिया था स्पष्टीकरण

पूर्व कप्तान वीरेन रासकिन्हा द्वारा सवाल उठाए जाने के बाद हॉकी इंडिया ने हालांकि सफाई में कहा है कि तकनीकी कारणों से कोचों और खिलाड़ियों के अनुरोध पर यह फैसला लिया गया। चार ओलंपिक, विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी समेत भारत के लिए 339 मैच खेल चुके महान फॉरवर्ड धनराज ने कहा, भारतीय हॉकी की पहचान नीली जर्सी रही है। केसरिया हमारे ध्वज का रंग है और काफी मायने रखता है लेकिन भारतीय हॉकी से जुड़ा नहीं है। इतने साल बाद लेकिन अचानक क्यो बदला गया, यह समझ से परे है।


### धनराज पिल्लै हॉकी इंडिया के तर्क से सहमत नहीं

उन्होंने कहा, 1928 से लेकर अब तक, दादा ध्यानचंद और बलबीर सिंह सीनियर से लेकर मोहम्मद शाहिद, जफर इकबाल और 1980 मॉस्को ओलंपिक की टीम तक सभी नीली जर्सी में खेले हैं। मैं खुद 15 साल तक खेला और जब तक खेला गहरा और हल्का नीला ही जर्सी का रंग रहा है। वह भाव अब नई केसरिया रंग की जर्सी में कैसे आ सकेगा। यह कोई आईपीएल या हॉकी इंडिया लीग नहीं है जिसमें फ्रेंचाइजी अलग अलग रंगों की जर्सी में खेलते हैं। भारतीय जर्सी का रंग तो नीला ही है। जहां तक मुझे याद है, हम 1992 बार्सीलोना ओलंपिक में अर्जेंटीना के खिलाफ एक मैच पीली जर्सी पहनकर खेले थे। नीले शॉर्ट और पीली टीशर्ट। इसके अलावा सिर्फ नीली जर्सी ही पहनी है।

धनराज ने इस दलील को भी खारिज किया कि नीली टर्फ पर नीली जर्सी में खेलने से दिक्कत आती है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि ऐसा कुछ है। नीली टर्फ पर खेलते हुए पांच छह साल हो गए और मैने तो ऐसा कभी नहीं देखा। क्या एफआईएच ने कहा है कि नीले रंग से विरोधी टीम को या आपकी टीम को कोई दिक्कत होती है।



## मनोरंजन



# भावनाओं को शब्दों की जरूरत नहीं होती: सीरत

अभिनेत्री सीरत कपूर ने अपनी अभिनय यात्रा में दक्षिण भारतीय सिनेमा के योगदान को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि साउथ इंडस्ट्री में काम करने के अनुभव ने उन्हें किरदारों को ज्यादा गहराई से समझना सिखाया है। जब एक कलाकार अलग-अलग जगहों और संस्कृतियों के बीच काम करता है, तो वह भावनाओं को समझने और उन्हें पर्दे पर उतारने का तरीका बेहतर तरीके से सीखता है। सीरत कपूर ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री ने मेरे करियर को एक मजबूत आधार दिया। अलग-अलग भाषाओं में काम करना मेरे लिए एक चुनौती भी रहा और सीखने का बड़ा मौका भी। इस अनुभव ने मुझे अभिनय में ज्यादा सहज, परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने वाला और अपने काम के प्रति ईमानदार बनाया। इसने मुझे सिखाया कि भावनाओं को शब्दों की जरूरत नहीं होती।" अभिनेत्री ने आज के दौर में कलाकारों के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, "किसी कलाकार के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि उसे सही कारणों से याद रखा जाए। लोकप्रियता और चर्चा कुछ समय के लिए हो सकती है, लेकिन अच्छे काम से मिलने वाला सम्मान लंबे समय तक बना रहता है।"



सीरत कपूर जल्द ही फिल्म 'जटस्या मरणम ध्रुवम' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ दिग्गज अभिनेता जेडी चक्रवर्ती भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म अगले महीने पांच भाषाओं में रिलीज होने वाली है।

हाल ही में सीरत ने इस फिल्म की शूटिंग के दौरान हुए एक मुश्किल अनुभव को भी साझा किया था। अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म के आखिरी क्लाइमेक्स सीन की शूटिंग के दौरान उन्हें चोट लग गई थी। उस सीन के लिए उन्होंने चूड़ियां पहनी थीं, लेकिन शूट पूरा होने के बाद हाथों में सूजन आने की वजह से उन्हें निकालना मुश्किल हो गया था। अपने इस अनुभव को याद करते हुए सीरत ने कहा, "मुझे याद है जब हम फिल्म के आखिरी क्लाइमेक्स सीन की शूटिंग कर रहे थे। मैंने उस सीन के लिए चूड़ियां पहनी थीं और शूट पूरा होने के बाद सूजे हुए हाथों की वजह से हम उन्हें निकाल नहीं पाए। टीम की मदद से जैसे-तैसे चूड़ियां निकाली गईं।"

# अच्छे किरदार मिलना मेरी किस्मत का हिस्सा है: शहनाज

अभिनेत्री शहनाज गिल ने अपने करियर में एक लंबा सफर तय किया है। कभी अपनी चुलबुली अदाओं और बेफिक्र अंदाज से दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रही। इन दिनों वह हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'इश्कनामा' को लेकर चर्चा में है। इस फिल्म में वह एक गंभीर भूमिका में नजर आ रही है। पर्दे पर निभाए गए किरदारों को लेकर शहनाज ने कहा कि यह सब उनके सफर और किस्मत का हिस्सा है। जब आईएएनएस ने शहनाज गिल से पूछा कि क्या वह दर्शकों को अपने व्यक्तित्व का दूसरा पहलू दिखाने या अपनी पुरानी छवि बदलने के लिए इस तरह के किरदार चुन रही हैं, तो उन्होंने साफ कहा कि उनका ऐसा कोई मकसद नहीं है।

शहनाज ने कहा, "मैं कुछ साबित करने की कोशिश नहीं कर रही हूं। मेरी किस्मत इसे साबित कर रही है। भगवान मुझे ताकत दे रहे हैं। उनकी कृपा से मुझे अच्छी स्क्रिप्ट मिल रही हैं। जो भी मुझे मौके मिल रहे हैं, उन्हें मैं पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ निभाने की कोशिश कर रही हूं। एक कलाकार का सफर लगातार सीखने और खुद को बेहतर करने का होता है। मैं किसी एक छवि में बंधकर काम नहीं करना चाहतीं, बल्कि अलग-अलग तरह की कहानियों का हिस्सा बनना चाहती हैं।"

बातचीत में शहनाज से पूछा गया कि अगर उनकी जिंदगी की अपनी कोई 'इश्कनामा' यानी



प्रेम कहानी हो, तो उसका टाइटल क्या होगा। इस सवाल पर अभिनेत्री ने कहा, "जब मेरी जिंदगी पर फिल्म बनेगी तो मुझे लगता है कि वह बहुत दिलचस्प होगी, और जब ऐसा होगा, तब मैं उसका टाइटल भी बताऊंगी।"

फिल्म में अपने किरदार को लेकर शहनाज गिल ने कहा, "मुझे लगता है कि जब किसी सच्ची कहानी पर फिल्म बनाई जाती है तो जिम्मेदारी लेना बहुत जरूरी होता है। मैंने अपनी तरफ से इस जिम्मेदारी को पूरी क्षमता के साथ निभाने की कोशिश की है। मुझे विश्वास है कि मेरे किरदार को लोग जरूर पसंद करेंगे।"

बता दें कि 'इश्कनामा' एक सच्ची कहानी पर आधारित है। फिल्म में भारत-पाकिस्तान सीमा की पृष्ठभूमि के बीच प्यार और रिश्तों की कहानी दिखाई गई है। यह फिल्म साल 1981 से 1988 के बीच की घटनाओं पर आधारित है, जिसमें निर्मल निम्मा और नसीमा की प्रेम कहानी को दिखाया गया है। 'इश्कनामा' का निर्देशन अरविंद्र एस. खैरा ने किया है, जबकि फिल्म का निर्माण सौरभ राणा और रवनीत कौर चहल ने किया है। यह फिल्म किताब 'हिंद पाक बॉर्डरनामा' से प्रेरित बताई जा रही है।

# सिर्फ स्क्रीन पर दिखना नहीं, असर छोड़ने वाले किरदार निभाना चाहती हूं: बरखा

बरखा सिंह ने अपने करियर की शुरूआत हल्के-फुल्के रोमांटिक और कमिंग-ऑफ-एज किरदारों से की थी, लेकिन पिछले तीन सालों में उन्होंने अपनी अभिनय यात्रा को एक नया आयाम दिया है। क्रिमिनल जस्टिस और अब टैक्स डिपार्टमेंट स्टोरी जैसे प्रोजेक्ट्स में दमदार और चुनौतीपूर्ण किरदार निभाकर उन्होंने खुद को एक बहुमुखी अभिनेत्री के रूप में साबित किया है। बरखा का मानना है कि वह ऐसे किरदार निभाना चाहती हैं जो सिर्फ कहानी का हिस्सा न हों, बल्कि दर्शकों पर गहरी छाप भी छोड़ें।



टैक्स डिपार्टमेंट स्टोरी में वह पहली बार एक भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी के दमदार किरदार में नजर आएंगी। अपने बदलते करियर चुनावों पर बात करते हुए बरखा ने कहा कि टैक्स डिपार्टमेंट स्टोरी में कर अधिकारी का किरदार निभाना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा और इससे उन्हें यह और भी स्पष्ट हो गया कि आगे वह किस तरह के किरदार करना चाहती हैं।

बरखा सिंह ने कहा, मैं टैक्स डिपार्टमेंट स्टोरी में कर अधिकारी का किरदार निभाने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मेरी कोशिश हमेशा ऐसे किरदार निभाने की रहती है जो कहानी में सिर्फ मौजूद न हों, बल्कि उसे आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएं। मुझे ऐसे किरदार पसंद हैं जिनकी अपनी मजबूत आवाज हो, जो आज के दौर की जटिलताओं को दिखाएं और दर्शकों को कुछ सोचने पर मजबूर करें। अपनी विशलिस्ट के फिल्ममेकर्स का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, अगर मेरी विशलिस्ट की बात करूं तो लापता लेडीज के बाद मैं किरण राव के साथ काम करना चाहूंगी। इसके अलावा राख जैसी शानदार स्टोरीटेलिंग के लिए प्रोसित रॉय और पाताल लोक में बेहतरीन काम करने वाले अविनाश अरुण के साथ काम करना भी मेरा सपना है। इन तीनों की कहानी कहने की शैली बेहद अलग और प्रेरणादायक है।

# मुझको राणाजी माफ करना' के नए वर्जन में दिखीं माहिरा शर्मा



90 के दशक के कई गाने आज भी लोगों की जुबान पर हैं। इनमें से एक है फिल्म 'करण अर्जुन' का मशहूर गीत 'मुझको राणाजी माफ करना', जिसने जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी। अब इस सदाबहार गाने को नए अंदाज में 'राणाजी 2.0' के नाम से पेश किया गया है। नए वर्जन में अभिनेत्री माहिरा शर्मा नजर आ रही हैं। इस पर माहिरा का कहना है कि इतने लोकप्रिय गाने को रीक्रिएट करना उनके लिए आसान नहीं था, क्योंकि दर्शकों की उम्मीदें पहले से ही बहुत बड़ी थीं। माहिरा शर्मा ने कहा, "जब आप किसी आइकॉनिक गाने से जुड़ते हैं तो थोड़ा दबाव जरूर होता है, क्योंकि उन गानों से लोगों की पुरानी यादें जुड़ी होती हैं। मेरी कोशिश रही कि मैं अपनी अलग एनर्जी लेकर आऊं, लेकिन गाने की असली पहचान और एहसास को भी बरकरार रखूं।"

उन्होंने कहा, "'राणाजी 2.0' की म्यूजिक, कोरियोग्राफी और वीडियो का पूरा लुक मिलकर एक नया अनुभव देता है। मुझे उम्मीद है कि जिस तरह पूरी टीम ने इस गाने को बनाते समय आनंद लिया, उसी तरह दर्शक भी इसे देखकर खूब पसंद करेंगे।"

इस गाने की कोरियोग्राफी मशहूर डांस डायरेक्टर रेमो डिसूजा ने की है। उन्होंने कहा, "समय के साथ डांस का अंदाज काफी बदल गया है और यही बात 'राणाजी 2.0' को खास बनाती है। हमारी कोशिश थी कि गाने के विजुअल्स नए और मनोरंजक हों, लेकिन उसकी पुरानी पहचान भी बनी रहे। हम चाहते थे कि जिन्होंने सालों से इस गाने को पसंद किया है और जो पहली बार इसे सुन रहे हैं, दोनों ही इसे देखने का आनंद लें।" वहीं, संगीतकार तनिष्क बागची ने कहा, "किसी क्लासिक गाने को नए रूप में तैयार करना आसान नहीं होता। जब किसी पुराने लोकप्रिय गाने पर काम करते हैं तो सबसे बड़ी जिम्मेदारी उसकी एहसास को सुरक्षित रखना होता है। इस गाने की धुन और आवाज की अपनी अलग विरासत है। मेरा पूरा ध्यान इसे नया साउंड देने पर था, लेकिन इस तरह कि लोगों को वही पुरानी यादें भी महसूस हों। मैं चाहता था कि यह आज के दौर के हिसाब से भी ताजा लगे और साथ ही लोगों को याद दिलाए कि यह गाना आखिर इतना क्लासिक क्यों बना।" 'राणाजी 2.0' को टिप्स म्यूजिक ने रिलीज किया है। इस नए वर्जन में इला अरुण और अलका याज्ञनिक की आवाज को बरकरार रखा गया है। यह गाना आधुनिक संगीत और पुराने जादू का मेल बनकर सामने आया है। 'मुझको राणाजी माफ करना' साल 1995 में आई सुपरहिट फिल्म 'करण अर्जुन' का हिस्सा था। इस फिल्म में शाहरुख खान, सलमान खान, राखी, काजोल और ममता कुलकर्णी जैसे कलाकार नजर आए थे। फिल्म की तरह इसके गाने भी जबरदस्त हिट हुए थे। खास तौर पर ममता कुलकर्णी पर फिल्माया गया यह गीत आज भी 90 के दशक के सबसे यादगार गानों में गिना जाता है।